
दैनिक अमन लेखनी

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471





लाइफ स्टाइल.....


85 साल के अल पीचलो.....

वर्ष : 12 | अंक : 32 | लखनऊ, 23 जनवरी, शुक्रवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप


### थाईलैंड में जॉब के बहाने 16 भारतीय बंधक बनाए

नई दिल्ली। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के मुताबिक कम से कम 16 भारतीय नागरिक म्यांमार-थाईलैंड सीमा पर बंधक बना लिए गए हैं। इन लोगों को थाईलैंड में अच्छी नौकरी दिलाने का वादा किया गया था लेकिन वहां पहुंचने के बाद उन्हें म्यांमार की सीमा पर ले जाकर गुलाम बना लिया गया। ओवैसी ने भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर से सोशल मीडिया के जरिए तुरंत हस्तक्षेप कर सुरक्षित स्वदेश वापसी की गुहार लगाई है।



### आतंकी से जुड़े आरोपी को 10 साल की सजा

कोलकाता। कोलकाता की विशेष एनआईए अदालत ने पाकिस्तान समर्थित साजिश से जुड़े एक मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। इस साजिश का मकसद पश्चिम बंगाल में मुस्लिम युवाओं को कट्टरपंथी बनाकर प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के लिए भर्ती करना था। अदालत ने कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले के रहने वाले सैयद एम। इदरीस को इस मामले में दोषी ठहराया है। बुधवार को सुनाए गए फैसले में कोर्ट ने उसे 10 साल की कठोर कारावास की सजा दी है।




### 25 जनवरी को भारत दौरे पर आएंगे यूरोपीय संघ के दो शीर्ष नेता

# पीएम के साथ होगी प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता, एफटीए ऐलान की संभावना

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/ नई दिल्ली,

यूरोपीय संघ (ईयू) के दो बड़े नेता चार दिवसीय दौरे पर भारत पहुंचने वाले हैं। ईयू नेताओं का यह दौरा ऐसे समय में अहम माना जा रहा है, जब भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते को लेकर बातचीत अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा और यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन 25 से लेकर 28 जनवरी तक भारत में रहेंगे। इसके अलावा, दोनों नेता इस बार 26 जनवरी को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। दोनों नेता 27 जनवरी को आयोजित होने वाले 16वें भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता भी करेंगे। भारत दौरे पर उनकी मुलाकात देश की राष्ट्रपति और प्रथम नागरिक द्रौपदी मुर्मू से होगी। इसके साथ ही दोनों नेता भारत के पीएम नरेंद्र मोदी के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता भी करेंगे। भारत और ईयू के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को लेकर बातचीत लगभग अंतिम चरण में है। ऐसे में ईयू नेताओं के भारत दौरे से कयास लगाए जा रहे हैं कि एफटीए का ऐलान हो सकता है।

*गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि होंगे कोस्टा और लेयेन*

*16वें भारत-ईयू सम्मेलन की सह-अध्यक्षता भी करेंगे*



यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और पीएम नरेंद्र मोदी फाइल फोटो

#### एक छोटा ईयू सैन्य दल परेड में भाग लेगा

एक छोटा ईयू सैन्य दल गणतंत्र दिवस क परेड में भाग लेगा। ऑपरेशन अटलांटा और ऑपरेशन एस्पाइड्स जैसे ईयू नौसैनिक अभियानों के झंडे प्रदर्शित किए जाएंगे। व्यापार और सुरक्षा से जुड़े नेताओं सहित 90 से अधिक ईयू अधिकारी प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा होंगे। भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में शीर्ष यूरोपीय नेतृत्व की मौजूदगी दोनों पक्षों के बीच बढ़ते राजनीतिक भरोसे को दर्शाती है।


#### नए समझौतों की घोषणा होगी

उच्चस्तरीय शिखर सम्मेलन की बैठक में भारत–ईयू मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के निष्कर्ष, रक्षा सहयोग और मोबिलिटी से जुड़े नए समझौतों की घोषणा की संभावना है। बता दें, भारत-ईयू के बीच एफटीए पर वार्ता 2007 में शुरू हुई थी, 2013 में स्थगित हुई और जून 2022 में फिर से शुरू की गई। नए समझौतों की घोषणा के बाद कानूनी जांच और यूरोपीय संसद द्वारा अनुमोदन की प्रक्रिया होगी। एफटीए लागू होने से द्विपक्षीय व्यापार बढ़ेगा, शुल्क कम होंगे और भारतीय निर्यातकों व यूरोपीय निवेशकों को बेहतर बाजार पहुंच मिलेगी।

#### पीएम ने ब्राजील के राष्ट्रपति से की बात

पीएम नरेंद्र मोदी ने ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा से बात की। पीएम मोदी ने कहा कि वैश्विक दक्षिण के साझा हितों को आगे बढ़ाने के लिए दोनों देशों में करीबी सहयोग बहुत जरूरी है। 'एक्स' पर एक पोस्ट में पीएम ने कहा कि मैं जल्द ही ब्राजील के राष्ट्रपति का भारत में स्वागत करने का इंतजार कर रहा हूं। राष्ट्रपति लूला से बात करके खुशी हुई। हमने भारत-ब्राजील रणनीतिक साझेदारी में मजबूत गति की समीक्षा की, जो आने वाले साल में नई ऊंचाइयों पर पहुंचने के लिए तैयार है।

### वैश्विक स्थिरता के लिए भारत-ईयू का साथ जरूरी: जयशंकर



दुनिया में बढ़ती अस्थिरता और अनिश्चितता के बीच भारत और यूरोपीय संघ के बीच मजबूत रिश्ते वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए सुरक्षा कवच बन सकते हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को यूरोपीय देशों के राजदूतों से बातचीत में कहा कि भारत-ईयू का गहरा सहयोग वैश्विक जोखिमों को कम करने में अहम भूमिका निभा सकता है। यूरोपीय देशों के राजदूतों के साथ संवाद के दौरान जयशंकर ने कहा कि आज की दुनिया में उतार-चढ़ाव और अस्थिरता नया सामान्य बन चुकी है।

#### रक्षा सहयोग पर विशेष जोर

भारत-ईयू के बीच रक्षा सहयोग पर विशेष जोर दिया जाएगा। भारतीय कंपनियों को ईयू के सेफ (सिक्युरिटी एक्शन फार यूरोप) कार्यक्रम तक पहुंच मिल सकती है। सेफ, यूरोप की रक्षा तैयारी बढ़ाने के लिए 150 अरब यूरो का रक्षा फंडिंग साधन है। इसके अलावा सिक्योरिटी ऑफ इन्फॉर्मेशन एग्रीमेंट पर बातचीत शुरू हो सकती है, जिससे गोपनीय रक्षा जानकारी का सुरक्षित आदान–प्रदान और संयुक्त रक्षा विनिर्माण संभव होगा।

### क्रोएशिया में भारतीय दूतावास पर हमला

## एमईए की दो टूक- यह अस्वीकार और निंदनीय, दोषियों के खिलाफ हो कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

भारत ने क्रोएशिया की राजधानी जाग्रेब में स्थित अपने दूतावास परिसर में घुसपैठ और तोड़फोड़ की घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने गुरुवार को कहा कि यह घटना भारत-विरोधी तत्वों द्वारा की गई है और इसे पूरी तरह अस्वीकार्य तथा निंदनीय बताया। विदेश मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि भारत ने इस मामले को नई दिल्ली और जाग्रेब दोनों जगहों पर क्रोएशियाई अधिकारियों के समक्ष मजबूती से उठाया है। साथ ही, भारत ने क्रोएशिया सरकार से मांग की है कि इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान कर उन्हें उनके निंदनीय और अवैध कृत्यों के लिए जवाबदेह ठहराया जाए। एमईए ने बयान में कहा कि हम जाग्रेब, क्रोएशिया में स्थित अपने दूतावास में भारत-विरोधी तत्वों द्वारा की गई घुसपैठ और तोड़फोड़ की घटना की कड़ी निंदा करते हैं। मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया कि अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत राजनयिक परिसरों की सुरक्षा संबंधित देश की जिम्मेदारी होती है।



राजधानी जाग्रेब में भारतीय दूतावास

#### राजनयिक परिसरों की सुरक्षा करना अनिवार्य

विदेश मंत्रालय ने विएना कन्वेंशन का हवाला देते हुए कहा कि इसके तहत राजनयिक परिसर अवध्य होते हैं और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना मेजबान देश का दायित्व है। बयान में कहा गया है कि विएना कन्वेंशन के अनुसार राजनयिक परिसरों की सुरक्षा अनिवार्य है और इन्हें हर तरह की घुसपैठ या नुकसान से बचाया जाना चाहिए। भारत ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए कहा कि ऐसे कृत्य न केवल अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन हैं, बल्कि उन तत्वों के चरित्र और मंशा को भी उजागर करते हैं जो इसके पीछे हैं।

#### कानून प्रवर्तन एजेंसियां इस पर ध्यान दें

मंत्रालय ने कहा कि इस तरह की हरकतें उन लोगों की मानसिकता और उद्देश्यों को दर्शाती हैं जो इनके पीछे हैं, और दुनिया भर की कानून प्रवर्तन एजेंसियों को इस पर ध्यान देना चाहिए। हालांकि, अभी तक इस घटना में किसी के घायल होने या बड़े नुकसान की कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। भारत ने उम्मीद जताई है कि क्रोएशियाई अधिकारी मामले की निष्पक्ष और त्वरित जांच करेंगे और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

### सारंडा में आपरेशन 'मेघाबुरु', कोबरा-209 बटालियन की बड़ी कार्रवाई

## 1 करोड़ का इनामी अनल दा समेत 15 माओवादी ढेर, हथियार बरामद

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा के घने जंगलों में गुरुवार को सुरक्षाबलों ने माओवादी उन्मूलन अभियान में ऐतिहासिक सफलता हासिल की। पुलिस महानिदेशक झारखंड और सीआरपीएफ महानिदेशक के संयुक्त नेतृत्व में चल रहे विशेष अभियान 'मेघाबुरु' के तहत किरीबुरु थाना क्षेत्र के कुम्डीह में हुई भीषण मुठभेड़ में कुख्यात शीर्ष माओवादी नेता अनल दा उर्फ पतिराम मांझी समेत कुल 15 माओवादी मारे गए। अनल पर झारखंड में 1 करोड़, ओडिशा में 1.20 करोड़ और एनआईए की ओर से 15 लाख रुपये का इनाम घोषित था। यह कार्रवाई अब तक की सबसे बड़ी सफलताओं में गिनी जा रही है।



मृतक अनल दा उर्फ पतिराम मांझी, सर्च अभियान करते सुरक्षा बल

#### विस्फोटक सामग्री बरामद

गुरुवार सुबह करीब 6.30 बजे सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम कोबरा 209 बटालियन, झारखंड जगुआर, सीआरपीएफ और जिला पुलिस ने खुफिया सूचना के आधार पर सारंडा जंगल में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। इसी दौरान अनल के सशस्त्र दस्ते ने सुरक्षाबलों पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में कई बार मुठभेड़ हुई, जो घंटों तक चली। घटनास्थल से 15 नक्सलियों के शव, अत्याधुनिक हथियार, विस्फोटक सामग्री और दैनिक उपयोग का सामान बरामद किया गया। प्रारंभिक जांच में मारे गए 15 माओवादियों में से 11 की पहचान कर ली गई है।

### तुर्कमेनिस्तान पहुंचे विदेश सचिव जॉर्ज

## रक्षा, सुरक्षा, व्यापार, शिक्षा सहित कई क्षेत्रों में संबंध बढ़ाने पर की बातचीत

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज 21 जनवरी को भारत-तुर्कमेनिस्तान विदेश ऑफिस कंसल्टेशन के 5वें राउंड और एसपीईसीए (सेंट्रल एशिया की अर्थव्यवस्थाओं के लिए संयुक्त राष्ट्र का विशेष कार्यक्रम) इकोनॉमिक फोरम के लिए तुर्कमेनिस्तान पहुंचे। आयोजन अश्गाबात में हुआ, जहां सिबी अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ पहुंचे। जॉर्ज ने तुर्कमेनिस्तान के विदेश मंत्री और कैबिनेट ऑफ मिनिस्टर्स के डिप्टी चेयरमैन राशिद मेरेदोव से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने तुर्कमेनिस्तान के अधिकारियों को विदेश मंत्री, डॉ. एस. जयशंकर की तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने भारत और तुर्कमेनिस्तान के बीच आपसी फायदे वाली पार्टनरशिप को मजबूत करने के तरीकों पर भी चर्चा की। जॉर्ज ने तुर्कमेनिस्तान की विदेश मामलों की उपमंत्री मियाहरी बयाशिमोवा के साथ बैठक की। दोनों पक्षों ने राजनीतिक, रक्षा, सुरक्षा, व्यापार, अर्थव्यवस्था, संस्कृति, शिक्षा और कॉन्सुलर मामलों सहित द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की।



विदेश सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज

### विंटर कार्निवाल पर 'महानाटी' नृत्य



मनाली। हिमाचल प्रदेश के मनाली में पांच दिन के विंटर कार्निवल के दूसरे दिन, बड़ी संख्या में महिलाओं ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए मॉल रोड पर पारंपरिक वेशभूषा में ढोल–नगाड़ों की थाप पर महानाटी नृत्य किया। महानाटी नृत्य हिमाचल प्रदेश, खासकर कुल्लू और कांगड़ा घाटी में किया जाने वाला एक सामूहिक लोक नृत्य है, जो प्राचीन संस्कृति और महिला सशक्तिकरण का प्रतीक है और स्थानीय त्योहारों व कार्निवल में एक मुख्य आकर्षण होता है।

### गणतंत्र दिवस पर आसमान में राफेल और सुखोई विमान करेंगे फ्लाई पास्ट

# दिखेगा शक्ति और संकल्प का प्रतीक 'सिंदूर' फॉर्मेशन

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

गणतंत्र दिवस समारोह में इस बार भारतीय वायुसेना का फ्लाई पास्ट बेहद खास और प्रतीकात्मक होने जा रहा है। फ्लाई पास्ट के दौरान वायुसेना के फाइटर जेट आसमान में 'सिंदूर' फॉर्मेशन बनाएंगे, जो सैन्य शक्ति और राष्ट्रीय संकल्प का प्रतीक होगा। इस विशेष फॉर्मेशन में दो राफेल, दो मिग-29, दो सुखोई-30 और एक जैगुआर लड़ाकू विमान शामिल होंगे। यह फॉर्मेशन भारतीय वायुसेना की आधुनिक क्षमताओं और रणनीतिक शक्ति का प्रदर्शन करेगा। भारतीय सेनाओं ने बीते वर्ष 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया था। इस ऑपरेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले ये भारतीय लड़ाकू विमान अब गणतंत्र दिवस परेड के अवसर पर कर्तव्य पथ के ऊपर उड़ान भरते नजर आएंगे।

#### ध्वज फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे एमआई-17 हेलीकॉप्टर

#### फ्लाई पास्ट में दिखेंगे स्वदेशी और आधुनिक विमान



रिहर्सल के दौरान भारतीय वायुसेना के विमान फ्लाई पास्ट करते हुए

#### 29 वायुसेना विमान होंगे शामिल

भारतीय वायुसेना के अनुसार, 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर कुल 29 विमान फ्लाई पास्ट में हिस्सा लेंगे। इनमें 16 फाइटर जेट, 4 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट और 9 हेलीकॉप्टर शामिल होंगे। 26 जनवरी को फ्लाई पास्ट के दौरान चार एमआई-17 हेलीकॉप्टर ध्वज फॉर्मेशन में नजर आएंगे। ये हेलीकॉप्टर राष्ट्रीय ध्वज, थल सेना, नौसेना और भारतीय वायुसेना के ध्वज लहराते हुए उड़ान भरेंगे। फ्लाई पास्ट के दौरान वायुसेना के फाइटर जेट, ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट और हेलीकॉप्टर प्रहार, गरुड़ अर्जन, वरुणा, बजरंग और विजय फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे।

#### 18 मार्चिंग टुकड़ियां शामिल होंगी

गणतंत्र दिवस 2026 राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के गौरवशाली 150 वर्षों को समर्पित रहेगा। पूरे समारोह में 'वंदे मातरम' की स्पष्ट और प्रभावी छाप देखने को मिलेगी। वायुसेना के बैंड इससे जुड़ी धुनें बजाते नजर आएंगे। परेड में विभिन्न सेवाओं की कुल 18 मार्चिंग टुकड़ियां और 13 बैंड शामिल होंगे। परेड की शुरुआत 100 सांस्कृतिक कलाकारों द्वारा पारंपरिक युद्ध-संगीत के साथ की जाएगी, जो पूरे समारोह को भव्य और ऐतिहासिक स्वरूप देगी।

#### स्वदेशी उपकरण प्रदर्शित होंगे

परेड के तुरंत बाद होने वाले फ्लाई पास्ट में राफेल, सुखोई-30, सी-295, मिग-29, अपाचे, एलसीएच, एएलएच और एमआई-17 जैसे विमान और हेलीकॉप्टर शामिल होंगे। इस दौरान तीनों सेनाओं के स्वदेशी उपकरण और हथियार भी प्रदर्शित किए जाएंगे।

### सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की झांकी

## भारत की कहानी कहने की परंपराओं और वेव्स के विजन को प्रदर्शित किया जाएगा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

गणतंत्र दिवस की परेड में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की झांकी, 'भारत गाथा: श्रुति, कृति, दृष्टि' कहानी कहने की कला में भारत की सभ्यतागत यात्रा की शक्तिशाली दृश्य कहानी प्रस्तुत करेगी। इसमें प्राचीन मौखिक परंपराओं से लेकर वैश्विक कंटेंट और मीडिया पावरहाउस के रूप में इसके उदय तक की पूरी यात्रा दर्शाई जाएगी। यह झांकी आत्मनिर्भर भारत की भावना को दर्शाती है, जो सांस्कृतिक विरासत को तकनीकी नवाचार के साथ सहज रूप से मिलाती है। श्रुति भारत की समृद्ध मौखिक विरासत का प्रतीक है, जिसे पीपल के पेड़ के नीचे शिष्यों को ज्ञान देते हुए गुरु के माध्यम से दर्शाया गया है। इसके साथ ही ओम की ब्रह्मांडीय अनुगूंज और ज्ञान की उत्पत्ति का प्रतिनिधित्व करने वाले ध्वनि-तरंग रूपांकनों को भी प्रदर्शित किया गया है। कृति लिखित अभिव्यक्ति के विकास को चिन्हित करती है, जिसमें भगवान गणेश महाभारत लिख रहे हैं। यह मंत्रालय के लक्ष्य से मेल खाती है, जिसे वेव्स 2025 ने और मजबूत किया है।



झांकी में भगवान गणेश महाभारत लिखते हुए

## मलिहाबाद में सड़क हादसा, अज्ञात व्यक्ति की ट्रामा सेंटर में मौत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बीती देर रात मलिहाबाद थाना क्षेत्र के नजर नगर गांव के पास लखनऊझहरदोई राजमार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना में एक अज्ञात व्यक्ति गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। चोटें अत्यधिक गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान बृहस्पतिवार शाम उसकी मौत हो गई। मृतक का शव फिलहाल मॉर्चरी में सुरक्षित रखा गया है। इस संबंध में मलिहाबाद अतिरिक्त इंस्पेक्टर सुरेंद्र मिश्रा ने बताया कि मृतक के शरीर पर नीला-सफेद चेकदार स्वेटर, नीले रंग की जींस तथा नीले रंग के जूते पहने हुए थे। मृतक की उम्र करीब 45 वर्ष आंकी जा रही है। पुलिस द्वारा मृतक की पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। पहचान के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी साझा की जा रही है, ताकि परिजन सामने आ सकें।

# गणतंत्र दिवस समारोह में आर्थिक स्वाधीनता पर जोर, यूपी सरकार ने जारी किए दिशा-निर्देश

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। प्रदेश सरकार ने 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह गरिमापूर्ण तरीके से मनाने के लिए जिलाधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। मुख्य सचिव एसपी गोयल की ओर से गुरुवार को जारी किए गए दिशा-निर्देश में कहा गया है कि कार्यक्रमों में देश के गौरवशाली इतिहास व स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग व बलिदान को याद किया जाए। जनसाधारण को जनसभाओं व गोष्ठियों के माध्यम से यह समझाने का प्रयास किया जाए कि राजनीतिक स्वाधीनता के बाद आर्थिक स्वाधीनता व सामाजिक बराबरी के लिए अनेक कदम उठाने हैं। इस दिशा में सरकार के कार्यों को बताया जाए। निदेशों में कहा गया है कि सरकारी भवनों में सुबह 8:30 बजे व शिक्षण संस्थाओं में दिन में 10 बजे तिरंगा फहराया जाएगा। इस अवसर पर राष्ट्रगान के साथ ही संविधान के संकल्पों को याद किया जाएगा। राष्ट्रीय एकता, अखंडता, धर्म-निरपेक्षता और सांप्रदायिक सौहार्द की भावना को मजबूत बनाने पर बल दिया जाए। समारोह की व्यवस्था के लिए डीएम एक परामर्शदाता समिति गठित करेंगे, जिसमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों के स्वजन, विभिन्न सामाजिक संगठनों, राजनीतिक दल, सरकारी विभागों, शैक्षिक संस्थाओं, जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाए। सभी शिक्षण संस्थाओं में ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें राष्ट्रगाान जन-गण-मन का सामूहिक गायन भी शामिल हो। विद्यार्थियों को संक्षेप में स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास बताया जाएगा और सशस्त्र सैन्य बलों के बलिदान को नमन करते हुए देशभक्तों के जीवन के प्रेरक-प्रसंगों की चर्चा की जाएगी। नाटक, विचार गोष्ठी तथा निबंध लेखन प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी। झंडा फहराने के तत्काल बाद पुलिस परेड की जाएगी तथा पुलिस बैंड के माध्यम से भी कार्यक्रम होंगे। परेड की सलामी उपस्थित केंद्रीय व प्रदेश सरकार के मंत्रीगण लेंगे। मंत्रीगण के उपस्थित नहीं रहने पर सलामी मंडलायुक्त या जिलाधिकारी लेंगे। यदि विधान परिषद के सभापति या विधानसभा के अध्यक्ष जिले में उपलब्ध हैं तो उनसे झंडा फहराने के लिए अनुरोध किया जाने के निर्देश दिए गए हैं। परेड में जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा सैन्य बल के शहीदों की पत्नियों व अभिभावकों को ससम्मान आमंत्रित किया जाएगा। लिखा गया है कि समारोह में स्थानीय स्वाधीनता संग्राम सेनानियों, सशस्त्र बलों के पुरस्कृत वीरों, शहीदों के आश्रितों तथा अन्य राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित जनों को जन प्रतिनिधियों से सम्मानित कराया जाए। लोक सभा व राज्य सभा के साथ ही विधान परिषद व विधान सभा के सदस्यों को आदर सहित आमंत्रित किया जाए। निर्देश दिए गए हैं कि बढ़ते प्रदूषण व बढ़ती जनसंख्या से हमारी विकास यात्रा प्रभावित हो रही है। सुखी भविष्य के लिए स्वच्छ पर्यावरण तथा सीमित परिवार की आवश्यकता को रेखांकित किया जाए।

## वन निगम को 6.95 करोड़ का चूना लगाने वाले आरोपितों के थाईलैंड भागने की आशंका

### ट्रैवल कंपनी के खाते में ट्रांसफर किए थे 15700000

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बैंक आफ इंडिया की लखनऊ के सदर बाजार शाखा में वन निगम का फर्जी खाता खुलवा कर 6.95 करोड़ रुपये हड़पने वाले आरोपितों के थाईलैंड भागने की आशंका है। सीबीआ की अभी तक की जांच में यह बात सामने आई है कि मुख्य आरोपित दीपक संजीव सुवर्णा व अनीश उर्फ मनीष ने एक ट्रेवल कंपनी के खाते में 1.57 करोड़ रुपये स्थानांतरित किए थे। यह कंपनी थाईलैंड की बताई जा रही है और कई देशों में इसके कार्यालय हैं। एफडी की अवधि पूरी होने के बाद वन निगम ने दूसरे बैंक में एफडी कराने के लिए बिड आमंत्रित की थी। वहीं, पिछले वर्ष दिसंबर में दीपक संजीव सुवर्णा और अनीश उर्फ मनीष ने बैंक आफ इंडिया की सदर बाजार शाखा से संपर्क कर कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर एफडी स्थानांतरित करा ली। साथ ही बैंक में सावधि जमा का एक अन्य खाता भी खुलवा कर आरोपितों ने पांच जनवरी को चेक नंबर 177258 के जरिए आरबीएल बैंक की नई दिल्ली स्थित कीर्ती नगर शाखा में आल ड्रीम डेस्टीनेशन के खाता नंबर 409220867947 में 1.57 करोड़ रुपये स्थानांतरित कराए थे। सीबीआइ ने कंपनी से संबंधित बैंक खाते और उसमें भेजी गई राशि की जानकारी मांगी है। उम्मीद है कि थाईलैंड फरार होने के लिए आरोपितों ने इसी कंपनी की मदद ली है। तीन माह पहले बैंक आफ महाराष्ट्र में एक व्यक्ति ने वन निगम का फर्जी खाता खोलने की कोशिश की थी। बैंक अधिकारियों ने वन निगम को वह प्राधिकार पत्र भेज दिया था जिसके आधार पर बैंक में खाता खुलवाने की कोशिश की गई थी। जांच में वह प्राधिकार पत्र फर्जी पाया गया था।

## अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूर्ण होने पर कंबल वितरण व सम्मान समारोह

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। निगोहा थाना क्षेत्र के पुरहिया व नटौली गांव में बुधवार को अयोध्या श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सेवा और सामाजिक समरसता से जुड़ा कार्यक्रम आयोजित किया इस दौरान जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए और समाजसेवा में योगदान देने वाले लोगों का सम्मान किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसीपी मोहनलालगंज विकास पांडे रहे कार्यक्रम का आयोजन पूर्व सैनिक नीरज दीक्षित एवं पंकज दीक्षित उर्फ अरविंद द्वारा किया इस अवसर पर आयोजकों ने मुख्य अतिथि एसीपी विकास पांडे को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा उन्हें श्रीराम लला की प्रतिरूप भेंट कर स्वागत किया। समारोह को संबोधित करते हुए एसीपी विकास पांडे ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग के साथ संवाद और सहयोग स्थापित करना भी जनसहभागिता से ही प्रभावी और संवेदनशील पुलिसिंग संभव पुलिस आमजन की सुरक्षा और सेवा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। इस मौके पर निगोहा थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी, नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी, विकास दीक्षित, निगोहा प्रेस क्लब के संरक्षक मुकेश द्विवेदी, अध्यक्ष विमल सिंह, पूर्व प्रधान लल्लन शुक्ला, अखिलेश द्विवेदी जय शुक्ला, प्रशांत त्रिवेदी, विजय जायसवाल, योगेंद्र तिवारी, अरुण सिंह, हिमांशु रावत, शैलेंद्र शुक्ला, अरुण सिंह, सुनील त्रिवेदी, दिलीप कुमार मिश्रा, विनीत मिश्रा रामू जायसवाल श्यामू जायसवाल आरिफ मंसूरी रमाकांत मिश्रा, नितिन कनौजिया आदित्य दीक्षित एवं राघव सिंह सहित अन्य गणमान्य लोगों को भी सम्मानित किया आयोजक नीरज दीक्षित ने कहा कि ह्लश्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ सेवा और सामाजिक समरसता का पर्व जरूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान लाना ही इस आयोजन का मूल उद्देश्य वहीं पंकज दीक्षित उर्फ अरविंद ने कहा कि ह्लसमाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना हमारी प्राथमिकता भविष्य में भी जरूरतमंदों के लिए ऐसे सेवा कार्य निरंतर जारी रहेंगे ह्लकार्यक्रम के दौरान सामाजिक एकता सेवा भाव और श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करने का संदेश दिया गया।

### श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा के पुण्य तिथि पर नटौली में भी हुआ भण्डारा

श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा के पुण्य तिथि पर नटौली में भी पूर्व ग्राम प्रधान सज्जन सिंह द्वारा विशाल भण्डारे का आयोजन किया इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मौर्या, मंडल अध्यक्ष मोहनलालगंज सुधांशु सिंह प्रधान प्रतिनिधि प्रदीप द्विवेदी भाजपा मंडल अध्यक्ष ललित सिंह शीलू सिंह आईपी सिंह सहित काफी संख्या में पहुंचे समाजसेविको को सम्मानित किया वहीं भंडारे में आसपास के दर्जनों गांवों के हजारों लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

## कैसरगंज तहसील में एसआईआर नोटिसों की हुई सुनवाई



### प्रशासन पूरी सख़्ती और पारदर्शिता के साथ मुस्तैद

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। तहसील कैसरगंज के सभागार में बृहस्पतिवार को एसआईआर (रकफ/नो मैपिंग) के अंतर्गत जारी नोटिसों के संबंध में व्यापक स्तर पर सुनवाई की गई। इस अहम कार्यवाही की कमान स्वयं उपजिलाधिकारी कैसरगंज अखिलेश कुमार सिंह ने संभाली। सुनवाई के दौरान बड़ी तादाद में नोटिस प्राप्त मतदाता मौजूद रहे और उन्होंने अपने-अपने दस्तावेज व पक्ष प्रशासन के समक्ष पेश किए। उपजिलाधिकारी अखिलेश कुमार सिंह ने हर एक प्रकरण को संजीदगी और बारीकी से सुना तथा अधिकारियों को इंसाफ और कानून के दायरे में रहकर कार्यवाही करने के सख़्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया का मकसद असल और पात्र मतदाताओं के हकूक की हिफाजत करना है, ताकि किसी भी नागरिक के साथ नाइंसाफी न हो।

### दस्तावेजों की गहन जांच, निष्पक्ष निस्तारण पर जोर

सुनवाई के दौरान नायब तहसीलदार कैसरगंज सचिन श्रीवास्तव ने प्रस्तुत अभिलेखों की जांच, रजिस्टरों का मिलान और सत्यापन की कार्यवाही कराई। अधिकारियों ने बताया कि सभी मामलों का निस्तारण दस्तावेजों के आधार पर किया जाएगा और उसी के अनुसार अंतिम सूची तैयार की जाएगी।

### प्रशासन की अपील—समय पर पेश हों, परेशानी से बचें

उपजिलाधिकारी ने नोटिस प्राप्त मतदाताओं से अपील की कि वे तय तिथि और समय पर अपने वैध कागजात के साथ उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, ताकि भविष्य में किसी भी तरह की दिक़्कत से बचा जा सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पूरी प्रक्रिया शफ़्फ़ाफ, निष्पक्ष और शासन के निदेर्शों के अनुरूप पूरी की जा रही है। सुनवाई के दौरान तहसील परिसर में शांति व्यवस्था कायम रही और प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए निष्पक्ष कार्यवाही की उम्मीद जताई।

## शीतला माता व अन्नपूर्णा मंदिर में भंडारे का आयोजन



अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज में चर्चित शिवाला गली स्थित मां शीतला एवं मां अन्नपूर्णा मंदिर पर गुरुवार को अधिवक्ता ललित मिश्रा व उद्धव मिश्रा द्वारा भंडारे का आयोजन किया सुबह पहले मां का विशेष श्रृंगार पंडित श्रवण मिश्रा और आयोजकों द्वारा किया इसके बाद महिला मंडल द्वारा दिनभर भजन-कीर्तन का सुंदर आयोजन चलता रहा जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व राज्य मंत्री वीरेंद्र तिवारी, भाजपा नेता नागेश्वर द्विवेदी, अजय पांडेय, एसीपी विकास पांडेय, यशवीर सिंह, अखिलेश द्विवेदी, मुकेश द्विवेदी सहित मोहनलालगंज तहसील के अधिवक्ता एवं क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे वहीं दूसरी ओर सिसेंडी स्थित वृद्धेश्वर बाबा मंदिर में भी भक्तजनों द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें गांव व आसपास के क्षेत्र से पहुंचे लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य अर्जित किया।

## विवाहिता ने पति और ससुराल वालों पर दहेज प्रताड़ना, जान से मारने की धमकी देने का लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बन्थरा थाना क्षेत्र के मवई पड़ियाना निवासी कंचन देवी ने अपने पति और ससुराल वालों पर दहेज प्रताड़ना, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने इसको लेकर पुलिस महानिदेशक से शिकायत की। पीड़िता कंचन देवी के मुताबिक उसका विवाह 26 नवंबर 2021 को बिजनौर थाना क्षेत्र के सरवन नगर निवासी विनय कुमार से हुआ था। आरोप है कि शादी में उसकी मां ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान-दहेज दिया था, लेकिन इसके बावजूद ससुराल वालों का व्यवहार शादी के बाद से ही ठीक नहीं रहा। उसका कहना है कि पति और सास आए दिन दस लाख रुपये दहेज की मांग करते और विरोध करने पर मारपीट करते थे। कंचन देवी का कहना है 15 अप्रैल 2025 को पति विनय कुमार और सास विद्या देवी ने मिलकर उसे बेरहमी से पीटकर घर से निकाल दिया, जिसके बाद वह मायके चली आई। कुछ दिन बाद जब वह ससुराल लौटी तो पता चला कि पति ने दूसरी शादी कर ली है। आरोप है कि उसे घर में घुसने भी नहीं दिया गया और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। तब परेशान पीड़िता ने पुलिस महानिदेशक से शिकायत की, जिस पर एसीपी कृष्णा नगर को जांच सौंपी गई। फिलहाल एसीपी के निर्देश पर बंथरा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## भतोइया में बाग में दिखे जंगली जानवर के पागचिन्ह, ग्रामीणों में दहशत

अमन लेखनी समाचार



बाग में मिले जानवर के पगचिह्न फोटो

लखनऊ। बृहस्पतिवार को रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम भतोइया में सड़क किनारे कुछ दूरी पर स्थित राजकुमार अवस्थी के बाग में जंगली जानवर के संदिग्ध पगचिह्न मिलने से इलाके में दहशत फैल गई। पगचिह्न देखे जाने के बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना तत्काल वन विभाग को दी। सूचना पर मलिहाबाद वन रेंजर आलोक कुमार तिवारी ने बताया कि पगचिह्नों की जांच के लिए वन विभाग की टीम मौके पर भेजी जा रही है। टीम द्वारा सर्च अभियान चलाकर यह पता लगाया जाएगा कि किस जंगली जानवर की गतिविधि क्षेत्र में देखी गई है। उन्होंने ग्रामीणों से सतर्क रहने और अकेले खेत-बागों की ओर न जाने की अपील की है। पगचिह्न मिलने के बाद से किसान और आसपास के गांवों के लोग भयभीत हैं। बृहस्पतिवार शाम होते ही लोग खेतों और बागों की ओर जाने से कतरा रहे हैं। गांव में तरह-तरह की चचाएं चल रही हैं, जिससे लोगों की चिंता और बढ़ गई है। वन विभाग ने एहतियात के तौर पर ग्रामीणों को समूह में निकलने, बच्चों को अकेले बाहर न भेजने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत विभाग या पुलिस को देने की सलाह दी है। क्षेत्र में स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

## पिता की हत्या में दो बेटे निकले हत्यारे, पुलिस ने भेजा जेल

### घरेलू हिंसा बनी हत्या की वजह, पुलिस जांच में खुलासा

अमन लेखनी समाचार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी – फोटो

लखनऊ। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के खड़ता गांव में ई-रिक्शा चालक अर्जुन पाल (50) की हत्या के मामले का पुलिस ने गुरुवार को सनसनीखेज खुलासा किया है। पुलिस ने मृतक के ही दो बेटों को हिरासत में लिया है, जिनमें एक बालिग और दूसरा नाबालिग है। पूछताछ में दोनों ने पिता की प्रताड़ना से तंग आकर हत्या करने की बात कबूल की है। पुलिस के अनुसार अर्जुन पाल (50) लंबे समय से शराब और गांजे का सेवन करता था। नशे की हालत में वह अपने बेटों और पत्नी के साथ मारपीट करता था तथा घर में गाली-गलौज करता था। इससे परेशान होकर दोनों बेटों ने साजिश रचकर पिता की हत्या कर दी।

### हत्या को हादसा दिखाने की रची साजिश

आरोपियों ने हत्या के बाद शव को ई-रिक्शा पर लादकर घर से करीब एक किलोमीटर दूर नवीनगर गांव के पास नहर पटरी किनारे फेंक दिया। घटना को दुर्घटना का रूप देने के लिए ई-रिक्शा शव के ऊपर पलटा दिया गया। इसके बाद दोनों आरोपी घर लौट आए और सो गए।

### फावड़े से किया गया था वार

पुलिस उपायुक्त उत्तरी ऋषभ रुढ़वाल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में बड़ा बेटा रूपलाल है, जबकि दूसरा नाबालिग है। पूछताछ में रूपलाल ने बताया कि सोमवार रात वह और पिता दोनों नशे में थे। पिता द्वारा मारपीट और गाली-गलौज से विवाद बढ़ गया। इसके बाद दोनों भाइयों ने कमरे में ले जाकर फावड़े से प्रहार कर अर्जुन पाल की हत्या कर दी।

### पत्नी ने दर्ज कराई थी अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट

घटना के बाद मृतक की पत्नी शिवरानी ने थाने में अज्ञात के खिलाफ हत्या की तहरीर दी थी। पुलिस ने जांच के दौरान घटनास्थल, पारिवारिक पृष्ठभूमि और कॉल डिटेल के आधार पर जब बेटों से सख्ती से पूछताछ की, तो पूरा मामला उजागर हो गया।

### वारदात में प्रयुक्त फावड़ा बरामद

एसीपी मलिहाबाद सुजीत कुमार दुबे ने बताया कि दोनों आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त फावड़ा बरामद कर लिया गया है। रूपलाल को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है, जबकि उसके नाबालिग भाई को बाल सुधार गृह भेजा गया है।

## चोरों ने विद्युत ट्रांसफार्मर को काट कर तेल किया चोरी

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर में बीती रात चोरों ने एक विद्युत ट्रांसफार्मर को नीचे काट कर उससे हजारों रुपए का तेल चोरी कर लिया। जानकारी होने के बाद गुरुवार को संबंधित अवर अभियंता ने मामले की तहरीर सरोजनी नगर थाने में दी है। सरोजनी नगर के गहरू पावर हाउस में तैनात अवर अभियंता विनय कुमार के मुताबिक गहरु पावर हाउस के कृषि फीडर से जुड़ी विद्युत लाइन में गहरु के गंगादीन खेड़ा में 100 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा है। जिसके जरिए आसपास के आठ निजी ट्यूब्वेलों को विद्युत आपूर्ति की जाती है। अवर अभियंता का कहना है कि बुधवार रात चोरों ने उक्त विद्युत ट्रांसफार्मर को नीचे ब्लेड से काटकर उसमें भरा करीब 240 लीटर तेल चोरी कर लिया। जिससे ट्रांसफार्मर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और इसकी वजह से 8 ट्यूब्वेलों की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। इस कारण किसाने की फसलों को नुकसान होने की संभावना है। अवर अभियंता का कहना है कि ट्रांसफार्मर से चोरी हुए तेल के कारण विद्युत विभाग को करीब 20 हजार रुपये की राजस्व क्षति हुई है। अवर अभियंता ने सरोजनी नगर थाने में तहरीर देते हुए मामले की रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। हालाकि पुलिस ने ऐसी किसी जानकारी से इनकार किया है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मलिहाबाद में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, व्यापारियों में मचा हड़कंप

### अतिक्रमण के खिलाफ सख्त रुख, पुलिस बल की मौजूदगी में चला अभियान

अमन लेखनी समाचार




अतिक्रमण को हटाती जेसीबी

लखनऊ। मलिहाबाद नगर पंचायत क्षेत्र में बृहस्पतिवार को अतिक्रमण के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए व्यापक अभियान चलाया गया। गल्लामंडी चौराहा से नई सड़क चौराहा तक नगर पंचायत की कार्रवाई के दौरान बुलडोजर चलने से पूरे कस्बे में अफरा-तफरी का माहौल रहा। अभियान के तहत फुटपाथ पर किए गए अवैध कब्जे हटाए गए, वहीं दुकानों के बाहर रखे गए सामान को जब्त किया गया। कार्रवाई के दौरान कुछ व्यापारियों ने विरोध जताया। उनका कहना था कि नगर पंचायत द्वारा पूर्व में कोई लिखित नोटिस नहीं दिया गया और बिना सूचना अचानक उनके प्रतिष्ठानों के बाहर रखा सामान हटाया जा रहा है। स्थिति को नियंत्रित रखने के लिए मौके पर पुलिस बल तैनात रहा। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी राजकुमार चौधरी ने बताया कि फुटपाथ पर अतिक्रमण हटाने के लिए समय-समय पर मुनादी कराई जाती रही है, लेकिन इसके बावजूद दुकानदारों ने कब्जा नहीं हटाया। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण के कारण आए दिन जाम की समस्या बनी रहती थी, जिससे आम लोगों के साथ-साथ आपात सेवाओं को भी परेशानी होती थी। कई बार एंबुलेंस के जाम में फंसने की शिकायतें सामने आई थीं। ईओ के नेतृत्व में नगर पंचायत टीम ने पोस्ट ऑफिस से गल्लामंडी चौराहा तक अभियान चलाकर बुलडोजर से अतिक्रमण हटाया और सामान जब्त किया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि डाकघर से नई सड़क चौराहा तक शेष अतिक्रमण एक सप्ताह के भीतर हटाया जाएगा। साथ ही चेतावनी दी गई है कि भविष्य में यदि किसी दुकानदार ने दोबारा फुटपाथ पर कब्जा किया तो उसके खिलाफ और भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## निगोहां प्रेस क्लब संरक्षक का सम्मान के बीच मनाया जन्मदिन



अमन लेखनी समाचार

निगोहां। निगोहा इलाके में स्थित एक निजी रेस्टोरेंट में गुरुवार को निगोहा प्रेस क्लब के संरक्षक मुकेश द्विवेदी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया इस मौके पर प्रेस क्लब के पदाधिकारियों सहित क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोगों ने उनका माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह भेंट कर व केक काटकर जन्मदिन की खुशियाँ साझा कीं। इस अवसर पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष विमल सिंह ने कहा कि संरक्षक मुकेश द्विवेदी न केवल पत्रकारिता जगत का मजबूत स्तंभ बल्कि वे सदैव युवाओं को मार्गदर्शन देने और सामाजिक सरोकारों को मजबूती से उठाने का कार्य करते रहे उनका अनुभव और नेतृत्व हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने उनके दीघार्यु, स्वस्थ जीवन और उज्ज्वल भविष्य की कामना की समारोह सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

## संक्षेप

### निमार्णाधीन वैकल्पिक मार्ग का विधायक ने किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। गंगा नदी की बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुए क्षेत्र के प्रमुख मार्ग काली मिट्टी शिवराजपुर मार्ग के कटान पर पी डब्लू डी विभाग द्वारा वैकल्पिक मार्ग निर्माण कराया जा रहा है।गुरुवार को क्षेत्रीय विधायक एवं ब्लॉक प्रमुख ने निमार्णाधीन वैकल्पिक मार्ग का निरीक्षण किया गया। मार्ग पर प्रगतिकर अधिक विधायक ने अगले सप्ताह तक मार्ग पर आवागमन शुरू होने की बात कही है।गत वर्ष अगस्त एवं सितंबर माह में गंगा नदी में आई बाढ़ से कालीमिट्टी शिवराजपुर मार्ग गंगा के पुल के पास कटकर क्षतिग्रस्त हो गया था।जिससे क्षेत्र का जनपद कानपुर से सीधा आवागमन प्रभावित हो गया था। क्षेत्र के नागरिकों द्वारा मार्ग पर आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्ग बनाए जाने की चल रही लगातार मांग के चलते मंगलवार को लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता विनय तिवारी की देखरेख में काली मिट्टी शिवराजपुर मार्ग के क्षतिग्रस्त भाग पर वैकल्पिक मार्ग निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है।लोक निर्माण विभाग की देखरेख में ही मार्ग तैयार किया जा रहे वैकल्पिक मार्ग बनने की स्थलीय स्थिति को देखने के लिए क्षेत्रीय विधायक श्रीकान्त कटियार एवं फतेहपुर चौरासी ब्लॉक प्रमुख मनोज निषाद गुरुवार को मौके पर पहुंचे तथा मार्ग निर्माण की स्थिति देखी। ब्लॉक प्रमुख मनोज निषाद ने बताया कि वैकल्पिक मार्ग निर्माण प्रगति पर है, संभवतः मार्ग इसी माह तैयार हो जाएगा और छोटे वाहन का आवागमन भी प्रारंभ हो जाएगा।विधायक श्रीकान्त कटियार ने तेजी से निर्मित कराए जा रहे वैकल्पिक मार्ग के निर्माण कार्य को देखकर संतोष जाहिर किया। उन्होंने कहा वैकल्पिक मार्ग निर्माण की गति को देखते हुए उम्मीद है कि अगले सप्ताह तक मार्ग से छोटे वाहनों का आवागमन शुरू हो जाएगा। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य अतुल मिश्रा, पूर्व अवधेश लोधी, जयपाल पटेल, लक्ष्मी नारायण, सत्यम आदि मौजूद रहे। इस वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था से कटरी क्षेत्र में हर्ष है।

### मामूली से विवाद के चलते दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे

गंजमुरादाबाद, उन्नाव। कहासुनी के बाद दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चल गए घटना की सूचना तहरीर पर पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया है। बांगरमऊ के गांव फतेहपुर खालसा में किसी बात को लेकर दो पक्षों में कहासुनी होने लगी तथा देखते ही देखते दोनो पक्ष के लोग उग्र हो गए तथा मारपीट शुरू हो गई जिससे जमकर लाठी डंडा चल गए इस घटना के बाद दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है सूचना तहरीर पर पुलिस ने रुकसाना पुत्री मुन्ना,रेशमा पुत्री सईद अली,अफसाना पुत्री मुन्ना इन तीनों का बांगरमऊ अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया गया। कोतवाल अखिलेश चंद पांडेय ने कहा है कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## देश को समर्पित सर्वधर्म महोत्सव का भव्य आगाज, रंग दे बसंती के संदेश के साथ गूंजी राष्ट्रीय एकता

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता को सशक्त करने के उद्देश्य से देश को समर्पित सर्वधर्म महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के पहले दिन गुरुवार को उन्नाव के बदरका क्षेत्र में सर्वधर्म संसद से जुड़े विभिन्न धर्मों के धर्मगुरुओं का आगमन हुआ। इस अवसर पर ह्यरंग दे बसंतीह्न नामक विशेष कार्यक्रम के माध्यम से सभी धर्मों के प्रतिनिधियों ने एक स्वर में भाईचारे, प्रेम और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। आयोजकों के अनुसार यह आयोजन उन्नाव में अपनी तरह का पहला कार्यक्रम है, जिसमें सभी प्रमुख धर्मों के धर्मगुरु एक साथ मंच साझा कर रहे हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में आपसी सौहार्द, समरसता और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करना है। कार्यक्रम के दौरान सभी धर्मगुरुओं ने बदरका स्थित अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद स्मारक स्थल पर पहुंचकर माल्यार्पण किया और देश की आजादी के लिए बलिदान देने वाले वीर सपूत को श्रद्धांजलि अर्पित की। बात दे कि सर्वधर्म संसद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोस्वामी सुशील महाराज ने कहा कि उन्नाव के इतिहास में यह पहली बार हो रहा है जब सभी धर्मों के प्रमुख एक साथ मंच साझा कर समाज को एकता का संदेश दे रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस आयोजन का किसी भी प्रकार की राजनीतिक गतिविधि या बयान से कोई संबंध नहीं है। कार्यक्रम के प्रमुख आयोजक सुरेंद्र वर्मा बाबा जी ने जानकारी दी कि 23 जनवरी को रामलीला मैदान में सभी धर्मगुरुओं का मुख्य आगमन होगा, जहां भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने इस आयोजन को उन्नाव के इतिहास में ऐतिहासिक और अभूतपूर्व बताया। आयोजकों ने दोहराया कि सर्वधर्म महोत्सव का मूल उद्देश्य समाज में प्रेम, सौहार्द, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना है, ताकि सभी धर्मों के लोग मिलकर एक मजबूत और एकजुट भारत का निर्माण कर सकें। कार्यक्रम आयोजन कर्ता सुरेंद्र वर्मा बाबा ने बताया की ऐसा कार्यक्रम भव्य सम्मलेन हो रहा है जिसमें भारत सहित देश विदेश सहित तमाम धर्मगुरु 23 जनवरी को रंग दे बसंती सम्मेलन में संबोधित करेंगे कार्यक्रम में आचार्य लंकेश जी महाराज, सदर विधायक प्रतिनिधि प्रखर गुप्ता,सौरभ वर्मा, सनी सरदार, सभासद मुन्ना सिंह सहित तमाम सदस्य उपस्थित रहे।

## जागरूकता चौपाल में लोगों को किया जागरूक

अमन लेखनी समाचार

मौरावां, उन्नाव।जागरूकता चौपाल एवं संवाद संवाद माननीय सांसद राज्यसभा संजय सेठ ने जी राम जी अधिनियम के संबंध में जन जागरण अभियान के अंतर्गत लोगों को जागरूक किया और बताया कि यह जो बिल पास हुआ है मनरेगा 100 दिन का था जो कि अब 125 दिन का रोजगार मिलेगा मुरैता ग्राम पंचायत वबरौला ग्राम पंचायत मे सैकड़ो लोग जन चौपाल में मौजूद रहे अपनी समस्याएं सांसद जी को बताइए और सांसद जी ने सरकार की योजनाओं को बारीकी से बताया और बताया कि जी राम जी जो बिल पास हुआ है उसमें आप लोगों का हितहै संवाद का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण भाइयों व बहनों को राष्ट्र निर्माण की मुख्य धारा से जोड़ना उन्हें सरकारी योजनाओं लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया बरौला प्रधान बीना उर्फ रिंकू मिजार्पुर प्रधान शिवावती बृजेश सिंह अवधेश दीक्षित नगर पंचायत अध्यक्ष कुवर विवेक सेठ भाजपा नेता कृष्ण वर्मा राजेश चौधरी रामबाबू राजेश यादव संतोष शुक्ला राजेश पांडे पवन सिंह मनीष यादव गौरी सिंह वसीम आदि लोग मौजूद रहे

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने युवा मोर्चा के कार्यकर्ता मृतक के परिजनों को 17 लाख रुपए की सहायता प्रदान की।

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। दही थाना क्षेत्र के मुर्तजानगर के पूर्व मंडल उपाध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता हरि ओम राजपूत उर्फ हैप्पी राजपूत की 12 जनवरी को भाजपा के एक कार्यक्रम में शामिल होने बाराबंकी जा रहा था। तभी असोहा थाना क्षेत्र मे कालूखेड़ा मार्ग के लालाखेडा मोड़ के पास सड़क हादसे में मौत हो गई थी। जिसके बाद गुरुवार दोपहर 12 बजे प्रदेश अध्यक्ष केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी व सांसद साक्षी महाराज नें मृतक हैप्पी राजपूत के घर पहुंच कर चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बनाया और शोक संवेदना व्यक्त की। पंकज चौधरी ने कहा कि हैप्पी राजपूत भाजपा युवा मोर्चा के एक सक्रिय और अच्छा कार्यकर्ता था। मै माता-पिता को उनका बेटा वापस तो नहीं कर सकता मगर भारतीय जनता पार्टी पूरी तरह परिवार के साथ खड़ी रहेगी। हैप्पी राजपूत की आकस्मिक मृत्यु से पार्टी को गहरा आघात लगा है। उन्होंने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि परिवार ने कोरोना काल में एक पहले ही बेटे को खो दिया था। अब दूसरे बेटे की इस तरह मौत हो गई है। जो अत्यंत दुखद है। 5 लाख रुपए योजना के तहत 5 लाख रुपए पार्टी की तरफ से पांच लाख रुपए जनप्रतिनिधियों की तरफ से 2 लाख रुपए युवा मोर्चा की तरफ से धनराशि प्रदान किया। उन्होंने कहा की आर्थिक सहायता परिवार के लिए एक सहयोग मात्र है। उनके बेटे की कमी पूरी नहीं हो सकती। इस मौके पर सांसद साक्षी महाराज पूरवा विधायक अनिल सिंह,जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, सफीपुर विधायक बंबा लाल, बांगरमऊ विधायक श्रीकांत कटियार आदि भाजपा के कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

## धर्मांतरण को लेकर बजरंग दल ने काटा हंगामा मौके पर पुलिस बल तैनात

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के मसवासी गांव में हिंदुओं के कथित धर्मांतरण का आरोप सामने आया है। गुरुवार को बजरंग दल के कार्यकताओं ने मौके पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया, जिसके बाद इलाके में तनाव की स्थिति बन गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बजरंग दल के कार्यकताओं ने आरोप लगाया कि मसवासी गांव में कुछ लोग हिंदू परिवारों को बहला-फुसलाकर उनका धर्म परिवर्तन कराने का प्रयास कर रहे थे। उन्होंने दावा किया कि गांव में लंबे समय से ऐसी गतिविधियां गुपचुप तरीके से चल रही थीं।सूचना मिलने पर कोतवाली सदर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के दौरान दो से तीन लोगों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है कि वे किस उद्देश्य से वहां एकत्र हुए थे और क्या धर्मांतरण से जुड़ी कोई गतिविधि चल रही थी। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। कठोर कार्रवाई की मांग इस संबंध में पुरुषोत्तम नामक एक व्यक्ति ने कोतवाली सदर में तहरीर दी है। उन्होंने आरोप लगाया है कि भोले-भाले ग्रामीणों को प्रलोभन देकर उनका धर्म परिवर्तन कराने का प्रयास किया जा रहा था। पुरुषोत्तम ने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।पुलिस जांच में जुटी पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामला संवेदनशील है और इसके हर पहलू की गंभीरता से जांच की जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया है कि कानून व्यवस्था बिगाड़ने या सांप्रदायिक सौहार्द खराब करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## बच्चों की सत्र परीक्षा 24 जनवरी से 31 जनवरी तक की जाएगी आयोजित

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव।बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों में बच्चों की सत्र परीक्षाएँ चौबीस जनवरी से प्रारंभ होकर इकतीस जनवरी तक आयोजित की जाएंगीबीएसए ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को इसके दिशा निर्देश भेज दिये हैंपरीक्षा आयोजन का खर्च विद्यालयों की कम्पोजिट ग्रान्ट् से वहन किया जायगो

प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के संजीव संख्वार, अमित तिवारी,प्रदीप वर्मा आदि ने बताया कि कई शिक्षक इस समय विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्य में लगे हुए हैं सीमित शिक्षकों के साथ सत्र परीक्षा कराना एक चुनौतीपूर्ण कार्य होगो

सत्र परीक्षा बच्चों को दिसंबर तक पूर्ण कराए गए मासिक पाठ्यक्रम पर आधारित होगीप्रश्नपत्र तैयार करने से लेकर मूल्यांकन तक की जिम्मेदारी प्रधानाध्यापक तथा संबंधित कक्षा शिक्षकों पर रहेगीनकल रहित परीक्षा सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया है परीक्षा समाप्त होने के बाद उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन विषय अध्यापक करेंगेपरिणाम अभिभावकों को विद्यालय में आमंत्रित कर बताया जाएगा जिससे वे अपने बच्चों की प्रगति से अवगत हो और सुधार में सहभागिता कर सकेपरीक्षा संबंधी सभी अभिलेख विद्यालय में सुरक्षित रखे जाएंगे बीएसए शैलेश पांडेय ने आदेश जारी कर बताया कि सत्र परीक्षा में जिन बच्चों का अधिगम स्तर अपेक्षित मानक से कम पाया जाएगा उन्हें चिन्हित कर विशेष कक्षाएं आयोजित की जाएंगी और पुनरावृत्ति कराके मुख्य धारा में लाने का प्रयास होगो

## लापता तीन लड़कियों को पुलिस ने सकुशल किया बरामद

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार पुलिस ने 15 घण्टे के अंदर 03 गुमशुदा लड़कियों को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों को सौप दिया। थाना बिहार अन्तर्गत बुधवार को एक गाँव से पिता ने तहरीर देकर बताया था कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री गाँव की ही दो सहेलियों के साथ शाम को घर से चने का साग लेने गई थी व वापस घर लौटकर नहीं आई है। तहरीर के पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश में लग गयी थी। गुरुवार को आधार पर थानाध्यक्ष बिहार राहुल सिंह व उ0नि0 कृष्ण कुमार सिंह, म०कां० पूनम राजपूत व सर्विलांस सेल की सहायता से तीनों लड़कियों को ग्राम मनिकापुर से 15 घण्टे के अंदर ही सकुशल बरामद उनके परिजनों को सौप दिया गया।

## ऑटो ने मारी बाइक को टक्कर, पिता की मौके पर मौत; इलाज के दौरान बेटे ने तोड़ा दम

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। बेहटा मुजावर क्षेत्र में गुरुवार शाम तेज रफ्तार सीएनजी आटो ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि उसका तीन वर्षीय पुत्र की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

### वहीं आटो में सवार तीन लोगों की हालत भी चिंताजनक बनी हुई है।

लखनऊ जिले के रहीमाबाद क्षेत्र के फतेहपुर मवई निवासी 30 वर्षीय पवन पुत्र सियाराम बांगरमऊ क्षेत्र के गांव खंभौली स्थित ससुराल आया था। पत्नी के ससुराल जाने की तैयारी के दौरान पवन अपने तीन वर्षीय पुत्र यश को लेकर टहलने निकला था। शाम पांच बजे बांगरमऊ-संडीला मार्ग पर गोशाकुतुब नहर पुल के पास तेज रफ्तार सीएनजी आटो ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी।

### सड़क पर जा गिरे बाइक सवार और उनका बेटा

टक्कर के बाद बाइक सवार और उसका बेटा सड़क पर जा गिरा, जबकि आटो अनियंत्रित होकर पलट गया। पुलिस ने घायलों को बांगरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, वहां चिकित्सक ने पवन को मृत घोषित कर दिया। वहीं उसके तीन वर्षीय पुत्र यश की हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां उपचार के दौरान यश की भी मौत हो गई। दुर्घटना में आटो सवार उमाशंकर निवासी जल्लापुर संडीला हरदोई, आसमा निवासी कुंडा प्रतापगढ़ और रईयान निवासी बांगरमऊ को भी गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक सवार हेलमेट नहीं लगाए था। आटो की रफ्तार 50 किमी व बाइक की 40 किमी प्रतिघंटा थी। आटो में महिला, पुरुष व बच्चों सहित करीब आठ लोग सवार थे। अधिकांश को मामूली चोटें आई हैं। दुर्घटना के बाद आटो चालक स्वयं घायलों को अस्पताल लेकर पहुंचा, लेकिन बाइक सवार की मौत की जानकारी मिलते ही वाहन सहित फरार हो गया। बेहटा मुजावर पुलिस ने आटो चालक की तलाश कर रही है।

## बागेश्वर धाम में होने वाले कन्या विवाह उत्सव की तैयारियों को लेकर समिति की बड़ी बैठक

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। श्री बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के आह्वान पर मध्यप्रदेश के गढ़ा गांव में आयोजित होने वाले आगामी 'भव्य कन्या विवाह उत्सव' को लेकर सफीपुर में हलचल तेज हो गई है। बृहस्पतिवार को श्री बागेश्वर धाम सेवा समिति सफीपुर की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, जिसमें आयोजन की सफलता और सेवादारों की भूमिका को लेकर विस्तृत रणनीति बनाई गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे समिति के अध्यक्ष अजय ठाकुर ने कहा कि गढ़ा गांव में होने वाला यह सामूहिक विवाह उत्सव इस बार भी ऐतिहासिक होगा। उन्होंने बताया कि पंडित धीरेंद्र शास्त्री के मार्गदर्शन में सफीपुर के पदाधिकारी और सेवादार तैयारियों में रात-दिन एक कर रहे हैं। इस पूरे अभियान में उपाध्यक्ष अंकित गुप्ता और कोषाध्यक्ष राजू स्वर्णकार की मुख्य भूमिका तय की गई है, जो वित्त प्रबंधन और समन्वय का कार्य देखेंगे।

बैठक में महामंत्री वैभव द्विवेदी 'कृष्णा' ने बताया कि सफीपुर से भारी संख्या में श्रद्धालु और सेवादार मध्यप्रदेश जाएंगे। सह सचिव देवराज के साथ मिलकर कार्यकारिणी सदस्य आनन्द सिंह व अमन गुप्ता सेवादारों की सूची और उनके प्रवास की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे रहे हैं। बैठक में मौजूद स्थानीय श्रद्धालुओं ने भी इस पुनीत कार्य में श्रमदान और सहयोग का संकल्प लिया। गढ़ा गांव में व्यवस्था सफीपुर की टीम वहां पंडाल, भोजन और कन्याओं के उपहार वितरण में सहयोग करेगी।निर्धन व अनाथ बेटियों के पंजीकरण की प्रक्रिया को लेकर चर्चा की गई।अध्यक्ष अजय ठाकुर ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे इस धर्मकार्य में सहभागी बनें। पूज्य सरकार (पंडित धीरेंद्र शास्त्री) के संकल्प को पूरा करना हमारा सौभाग्य है। गढ़ा गांव में होने वाले उत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं और सफीपुर की टीम वहां व्यवस्थाओं में मुख्य भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु और समिति के कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने जय श्री राम और बागेश्वर धाम के जयकारों के साथ आयोजन को सफल बनाने का उत्साह दिखाया।

## अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के द्वितीय वर्षगांठ पर निकाली गई शोभायात्रा

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र के ग्राम मनिकापुर के श्रीमाता बनखंडी मंदिर समिति द्वारा अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित विराट हिन्दू सम्मेलन एवं श्रीराम शोभा यात्रा बड़ी धूमधाम से सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में पहुँचे मुख्य वक्ता विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री गजेंद्र में हिंदुत्व की एकता पर बल देते हुए कहा हमारी संस्कृति वसुधैव कुटुम्बकम की है ।हम सब धर्मान्तरण नही चलने देंगे ।इस्लाम के द्वारा एक षडयंत्र कर लवजेहाद के माध्यम से हिन्दुओं को कम करने की कोशिश की जा रही है ।वही ईसाई मिशनरियों द्वारा भी केवल हिन्दुओं को ही टारगेट कर धर्मान्तरण करवाया जा रहा है। हिन्दुओं को सजग करने के लिए ऐसे आयोजन आवश्यक है ।हम दुनिया का नेतृत्व करने वाले है। गोसेवा आयोग उत्तर के राजेश सिंह ने विश्व के कल्याण की बात करने के साथ गो सेवा पर बल दिया। विशाल श्रीराम शोभा यात्रा ग्राम भटखेरवा के आनंदी देवी मंदिर से निकल बनखंडी देवी मंदिर पर आ कर समाप्त हुई ।शोभा यात्रा के बाद विशाल भण्डारे का भी आयोजन किया गया ।शोभा यात्रा का शुभारंभ नर सेवा नारायण सेवा समिति के संस्थापक विमल द्विवेदी ने किया। जबकि कार्यक्रम में महंत राम नारायण दास ,संकठा प्रसाद दीक्षित ,तेजभान सिंह प्रान्त सेवा प्रमुख आर एस एस, संदीप जिला प्रचारक आर एस एस,रतीभान सिंह जिला व्यवस्थापक ,आंशू बाजपेई , आशीष बाबा , नन्द कुमार सिंह , राजेश तिवारी ,शिव शंकर , प्रिन्सू सिंह , लल्लूसिहं , पंकज सिंह, अजय सिंह अविनाश सिंह , संजय तिवारी के साथ सैकड़ो लोग शामिल हुए।

## जनसंपर्क एवं कंबल वितरण का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र के अंतर्गत भगवंतनगर विधानसभा में द्वितीय श्री राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के मंगल अवसर पर ऋतु फाउंडेशन अध्यक्ष मा अनुराग त्रिवेदी जी द्वारा आयोजित जनसंपर्क एवं कंबल वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत मियागंज चौराहा एवं राष्ट्रकवि निराला जी की जन्मभूमि गढ़कोला में जनसंवाद करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस पावन अवसर पर सतीश नाई, फारुख,राजेंद्र सविता (प्रधान), पप्पू सिंह, जय नाथ शुक्ला, मो. नसीर, कुणाल रावत, सृष्टि कोरी, दिनेश पटेल, रामबाबू, श्याम सुंदर (पूर्व प्रधान), प्रेम नारायण शुक्ला, रामभरोसे गौतम, मुकेश कुमार, त्रिमोहन शर्मा, मनीष पटेल, चंद्रमोहन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों का स्नेह, विश्वास एवं समर्थन प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में पं. छन्नू लाल त्रिवेदी, रामकिशोर यादव, रानू त्रिवेदी, विंदा पासी, भोला त्रिवेदी, चिंटू बाजपेई, अर्जुन गौतम, अरुण रावत, टिंकू पंडित बलाई का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

## समाजसेवी ने मुख्यमंत्री से की क्षेत्र में बेहतर चिकित्सकीय सुविधाएं बढ़ाने की मांग

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के प्रमुख समाजसेवी फजलुर्रहमान ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर उन्नाव जनपद के बांगरमऊ क्षेत्र में चरमराई स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने और आधुनिक चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराने की पुरजोर मांग की है। समाजसेवी ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि बांगरमऊ एक बड़ा क्षेत्र है, लेकिन यहां के सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों और आधुनिक उपकरणों/मशीनों का भारी अभाव है। उन्होंने निम्नलिखित बिंदुओं पर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित किया। लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे, लखनऊ मार्ग, सण्डीला मार्ग, बिल्हौर मार्ग और उन्नाव-हरदोई मार्ग के निकट होने के कारण यहां अक्सर सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। ट्रॉमा सेंटर न होने से गंभीर मरीजों को लखनऊ या कानपुर रेफर करना पड़ता है, जिससे रास्ते में ही कई लोग दम तोड़ देते हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (उ्लउ) में बाल रोग विशेषज्ञ, महिला रोग विशेषज्ञ और हृदय रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञों के पद खाली पड़े हैं। क्षेत्र के गरीब मरीजों को छोटी-छोटी जांचों के लिए निजी लैब में भारी शुल्क देना पड़ता है। सरकारी अस्पताल में ही डिजिटल एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड और अन्य जरूरी जांच सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की गई है। आपातकालीन स्थिति में बांगरमऊ की स्वास्थ्य सेवाएं केवल 'रेफरल सेंटर' बनकर रह गई हैं। ?पत्र के माध्यम से यह मांग की गई है कि बांगरमऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को उच्चीकृत किया जाए और पर्याप्त स्टाफ की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए ताकि स्थानीय लोगों को इलाज के लिए दूसरे शहरों की दौड़ न लगानी पड़े।

## चोरी की बैटरी के साथ दो चोरो को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गुरुवार की सुबह असोहा थाना क्षेत्र के दरसवा बरोली मार्ग से ई रिक्शा की दो चोरी की बैटरी लेकर बेचने जा रहे दो चोरो को पुलिस ने पकड़ लिया। पकड़े गये चोरो ने अपना नाम अभय निवासी टुंडी थाना बंथरा जनपद लखनऊ व शिवम निवासी पड़वाखेड़ा थाना असोहा बताया। पुलिस ने आरोपियो को न्यायालय मे पेश किया, जहां से जेल भेजा गया हैं।

बीते बुधवार को ही थाना क्षेत्र के पडवाखेड़ा निवासी रामआसरे ने दरवाजे खड़े ई रिक्शा की दो बैटरी अज्ञात चोरो द्वारा चोरी कर लेने की तहरीर पुलिस को दी थी।पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की थी।

थाना प्रभारी फूल सिंह ने बतायाकी मुखबिर की सूचना पर दो चोरो को चोरी की बैटरी के साथ पकड़ा गया जिन्हें न्यायालय मे पेश किया जा रहा हैं।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के खारपुरवा मजरा मदारनगर में 50 वर्षीय नंदरानी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह खाना खाने के बाद छत पर गई थीं, जहां अचानक सिर दर्द होने के बाद गिर गईं। परिजनों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बांगरमऊ पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।यह घटना गुरुवार शाम करीब साढ़े सात बजे हुई। नंदरानी, जो रामोतार की पत्नी थीं, भोजन करने के बाद छत पर गई थीं। उनके बेटे राहुल (15) के अनुसार, अचानक उनके सिर में तेज दर्द उठा और वह जमीन पर गिर पड़ीं।परिजन बिना किसी देरी के नंदरानी को सीएचसी बांगरमऊ ले गए। वहां मौजूद चिकित्सक ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।नंदरानी की अचानक हुई मौत से परिवार में मातम छा गया है। उनके बेटे राहुल और चार विवाहित बेटियों (सुनीता, अनीता, गीता, शारदा) के साथ-साथ अविवाहित बेटी संध्या का रो-रोकर बुरा हाल है। इस घटना से पूरे मोहल्ले में सन्नाटा पसर गया है। परिजन शव लेकर घर लौट गए हैं।

## मकान के अंदर कमरे में फांसी के फंदे पर झूलकर छात्र ने की आत्म हत्या

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के एक गांव में अज्ञात कारण के चलते एक छात्र अपने मकान के अंदर कमरे में फांसी के फंदे पर झूल गया। परिजन युवक को फंदे से नीचे उतारकर यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

ग्राम हरिदासपुर निवासी नीरज का बेटा अश्वनी उर्फ रानू 20 वर्ष स्नातक प्रथम वर्ष का छात्र है। आज गुरूवार की दोपहर अज्ञात कारण के चलते रानू अपने मकान की दूसरी मंजिल पर स्थित कमरे में छत की कुंडी के सहारे फांसी के फंदे पर झूल गया। तभी अचानक परिजनों की निगाह पड़ गई। यह देखकर परिजनो ने आनन-फानन उसे फांसी के फंदे से नीचे उतारा और यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने जांच करने के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रानू तीन भाई बहनों में सबसे बड़ा था । उसके छोटे भाई अजीत उर्फ शानू तथा बहन रिया रो रो कर बेहाल है

## सम्पादकीय

# सुप्रीम कोर्ट का आदेश : ईसी की विश्वसनीयता ही बढ़ेगी

लोकतंत्र की नींव निष्पक्ष, पारदर्शी और भरोसेमंद चुनाव प्रक्रिया पर टिकी होती है। मतदाता सूची इस प्रक्रिया की आत्मा है, क्योंकि यही तय करती है कि कौन नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है। पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान सामने आई गड़बड़ियों को लेकर सुप्रीम कोर्ट का हालिया आदेश इसी लोकतांत्रिक मूल भावना की रक्षा की दिशा में एक अहम कदम है। अदालत ने न केवल चुनाव आयोग को पारदर्शिता का पाठ पढ़ाया है, बल्कि आम नागरिकों के अधिकारों को भी केंद्र में रखा है। सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल में एसआईआर के दौरान संदिग्ध या गड़बड़ी वाले लगभग 1.25 करोड़ नामों को सार्वजनिक करने का निर्देश दिया है। यह आदेश न केवल प्रक्रिया को खुला और जवाबदेह बनाता है, बल्कि उन नागरिकों को भी जानकारी देता है, जिनके नाम किसी कारणवश मतदाता सूची से हटे या संदिग्ध पाए गए। लोकतंत्र में सूचना का अधिकार केवल एक कानूनी अवधारणा नहीं, बल्कि जनता के भरोसे का आधार है। जब आंकड़े और सूचनाएं सार्वजनिक होंगी, तो आशंकाओं और अफवाहों को स्वतः विराम लग जाएगा। यह फैसला इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि लंबे समय से यह आशंका जताई जा रही थी कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण के नाम पर बड़ी संख्या में वैध मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। आंकड़ों को सार्वजनिक करने का आदेश इस संदेह को दूर करने और प्रक्रिया को जवाबदेह बनाने की दिशा में निर्णायक कदम है। अदालत ने साफ कहा कि जांच पूरी तरह पारदर्शी होनी चाहिए, ताकि आम लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो। यह टिप्पणी केवल प्रशासनिक प्रक्रिया तक सीमित नहीं है, बल्कि यह चुनाव आयोग के रवैये पर भी एक महत्वपूर्ण टिप्पणी है। अक्सर देखा गया है कि दस्तावेजों की कमी, तकनीकी त्रुटियों या प्रशासनिक सख्ती के कारण गरीब, प्रवासी मजदूर, बुजुर्ग और युवा मतदाता सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्देश सुनिश्चित करता है कि जांच का उद्देश्य सुधार हो, न कि नागरिकों को अनावश्यक रूप से परेशान करना। फैसले का एक और अहम पहलू यह है कि बंगाल के 1.25 करोड़ वोटर्स को अपना नाम दोबारा मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए एक और मौका दिया गया है। जिन लोगों के नाम कट गए थे, उनके लिए यह आदेश एक नई उम्मीद लेकर आया है और यह संदेश भी देता है कि कोई भी प्रशासनिक प्रक्रिया नागरिक के मौलिक अधिकार से ऊपर नहीं हो सकती। दसवीं कक्षा के एडमिट कार्ड को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए मान्य दस्तावेज मानने का निर्देश लाखों लोगों को राहत देगा। देश में बड़ी आबादी ऐसी है जिसके पास जन्म प्रमाण पत्र या अन्य पारंपरिक पहचान दस्तावेज नहीं हैं, लेकिन शैक्षणिक रिकॉर्ड उपलब्ध हैं। इस फैसले से खासतौर पर युवाओं और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को लाभ मिलेगा। यह पहली बार नहीं है जब सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को आंकड़े सार्वजनिक करने के निर्देश दिए हों। इससे पहले भी अदालत पारदर्शिता पर जोर देती रही है। बिहार चुनाव के दौरान एसआईआर के बाद मतदाता सूची को सार्वजनिक किया गया था, जिससे न केवल विवाद कम हुए बल्कि जनता का भरोसा भी बढ़ा। वही, अनुभव बंगाल में भी दोहराया जा सकता है। कुल मिलाकर, यह फैसला चुनाव आयोग के कामकाज में पारदर्शिता लाने और उसकी विश्वसनीयता बढ़ाने वाला है।



आर्थिक चुनौतियां

रोहित माहेश्वरी

# जाली करंसी से अर्थव्यवस्था को चोट

> नकदी रहित अर्थव्यवस्था का सरकारी महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल करने के मार्ग में अभी तमाम बाधाएं विद्यमान हैं। केंद्रीय बैंक आरबीआई के गवर्नर ने एक संसदीय समिति को जानकारी दी है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान कुल छह करोड़ से ज्यादा नोटों में से पांच सौ रुपये के 1.18 लाख नोट नकली पाए गए हैं। केंद्रीय बैंक की वार्षिक रिपोर्ट बताती है कि इन नोटों की संख्या में एक साल में 37 फीसदी से ज्यादा की वृद्धि हुई है। जो यह दर्शाता है कि कालाबाजारी करने वाले राष्ट्र विरोधी तत्व देश में मुद्रा की मांग का गलत फायदा उठा रहे हैं। नकली नोटों का बढ़ता जाल संकेत देता है कि असामाजिक तत्व नए-नए तरीके अपनाकर इस चुनौती को और जटिल बना रहे हैं।

देश में जाली नोटों का कारोबार कई राज्यों में फैला हुआ है, इसमें से कुछ जाली करंसी विदेशों से आई है तो कुछ भारत में ही तैयार की गई है। अभी तक पांच सौ, हजार और सौ-सौ के नकली नोट ही सिरदर्द बने थे। परंतु अब पचास, बीस और दस रुपये के नकली नोटों का धड़ल्ले से चलन में हैं। छोटे-बड़े नकली नोटों की खपत ग्रामीण बाजारों में आसानी से हो जाती है। उत्तर प्रदेश के सीतापुर में बीती 18 जनवरी को थाना बिसवां पुलिस ने गुलजारशाह मेले के करीब एक लाख के नकली नोटों के साथ एक महिला सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। बीती 1 जनवरी को हरियाणा के फरीदाबाद में पुलिस ने नकली नोट बनाकर मार्केट में चलाने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया था। बीती 17 जनवरी को महाराष्ट्र के यवतमाल जिले की पुसद पुलिस ने एक बड़े जाली नोट नेटवर्क का भंडाफोड़ किया। गत 5 जनवरी को उत्तर प्रदेश के बांदा में पुलिस ने नकली भारतीय मुद्रा तैयार कर उसे बाजार में खपाने वाले एक संगठित अन्तर्जनपदीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया था। बीती 13 जनवरी को गुजरात के सूरत में नकली नोटों के रैकेट को लेकर पुलिस ने भीड़-भाड़ वाले इलाकों में छोटे दुकानदारों को निशाना बनाकर नकली नोट चलाने वाले एक हीरा कारीगर को गिरफ्तार किया है।

बीते साल नवंबर में भोपाल पुलिस ने 21 साल के एक युवक को वीडियो देखकर अपने घर को नकली नोटों की फैक्ट्री बनाने के आरोप में पकड़ा था। आरोपी प्रिंटर, स्पेशल पेपर और प्रेस के अनुभव का इस्तेमाल कर असली जैसे 500-500 रुपये के नोट तैयार करता था। इसमें कोई दो राय नहीं है कि हमारा देश डिजिटल लेनदेन के मामले में अग्रणी बना हुआ है और यहां दुनिया भर में होने वाले लगभग आधे रियल टाइम लेन-देन डिजिटल भुगतान के जरिये ही होते हैं। हालांकि, नकदी रहित अर्थव्यवस्था का सरकारी महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल करने के मार्ग में अभी तमाम बाधाएं विद्यमान हैं। लेकिन चिंता की बात यह है कि अभी भी अर्थव्यवस्था में नकली करंसी की मौजूदगी बनी हुई है। देश में नकली नोटों का नेक्सस लगातार फैल रहा है, जो देश की बैंकिंग सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा है। नकली नोटों का यह नेटवर्क सीधे तौर पर भारत के बैंकों को निशाना बना रहा है। हाल ही में दिल्ली पुलिस ने कई बैंकों की शिकायत पर एक केस दर्ज किया है, जो काफी चौंकाने वाला है। इस मामले में 18 सरकारी और प्राइवेट बैंक शामिल हैं। बैंकों का कहना है कि उनके यहां करीब 11 हजार नकली करंसी नोट जमा किए गए हैं, जिनकी कुल कीमत लगभग 34 लाख रुपये है। यह अपने आप में एक गंभीर और हैरान करने वाली बात है कि देश के बैंकों में इतने नकली नोट कैसे जमा हो पा रहे हैं। सरकारी आंकड़े बता रहे हैं कि बीते सालों के दौरान नकली नोट पकड़े जाने के मामलों में तेजी आई है। इससे पता चलता है कि नकली नोटों का चलन तेज हुआ है। पिछले कुछ सालों में नकली नोटों की समस्या ने देश की अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर चिंता खड़ी कर दी है। वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, 500 रुपये के नकली नोटों में वित्त वर्ष 2019 से 2023 के बीच 317 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। जहां 2019 में यह संख्या 21,865 मिलियन पीस (एमपीसी) थी, वहीं 2023 में यह बढ़कर 91,110 एमपीसी तक पहुंच गई। हालांकि वित्त वर्ष 2024 में यह संख्या घटकर 85,711



एमपीसी पर आ गई। केंद्रीय बैंक आरबीआई के गवर्नर ने एक संसदीय समिति को जानकारी दी है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान कुल छह करोड़ से ज्यादा नोटों में से पांच सौ रुपये के 1.18 लाख नोट नकली पाए गए हैं। केंद्रीय बैंक की वार्षिक रिपोर्ट बताती है कि इन नोटों की संख्या में एक साल में 37 फीसदी से ज्यादा की वृद्धि हुई है। जो यह दर्शाता है कि कालाबाजारी करने वाले राष्ट्र विरोधी तत्व देश में मुद्रा की मांग का गलत फायदा उठा रहे हैं। वर्ष 2016 में नोटबंदी के फैसले का उद्देश्य नकली नोटों और भ्रष्टाचार को रोकना था। लेकिन मौजूदा आंकड़े इस कदम की प्रभावशीलता पर सवाल उठाते हैं।

नकली नोटों का बढ़ता जाल संकेत देता है कि असामाजिक तत्व नए-नए तरीके अपनाकर इस चुनौती को और जटिल बना रहे हैं। विडंबना यह है कि राजस्व खुफिया निदेशालय द्वारा नोट में इस्तेमाल होने वाले आयातित कागज और नकली नोट छापने में शामिल ऑपरेटरों पर लगातार कार्रवाई के बावजूद यह गंभीर समस्या बनी हुई है। वास्तव में, हाल के वर्षों में, भारत ने नकली नोटों की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने व काले धन पर रोक के लिए डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने के लिये अपनी स्थिति खासी मजबूत की है। सरकार की सोच है कि काले धन पर रोक लगाने के लिए नकद लेन-देन को हतोत्साहित किया जाए। नोटबंदी के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था कैशलेस सोसायटी की ओर अग्रसर है। डिजिटल ट्रांजेक्शन्स 300 प्रतिशत तक बढ़े हैं। कैशलेस लेन-देन लोगों के जीवन को आसान बनाने के साथ-साथ हर लेन-देन से काले धन को हटाते हुए क्लीन इकोनॉमी बनाने में भी मददगार साबित हुआ है। निस्संदेह, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई ने भारत के आर्थिक लेन-देन तंत्र में क्रांति ला दी है। भुगतान के तमाम विकल्पों ने भारतीय नागरिकों के आर्थिक व्यवहार को बहुत आसान बना दिया है। हालांकि, अभी भी ऐसे लोगों की कमी नहीं है जो डिजिटल माध्यम से लेन-देन में परहेज करते हैं। असल में, नकदी पर उनकी निर्भरता का मूल कारण डिजिटल शिक्षा का अभाव ही है। साथ ही इसके कारणों में भ्रष्टाचार और कर चोरी की नीयत भी शामिल है। ऐसे में सरकार को डिजिटल खाई को पाटने की दिशा में रचनात्मक पहल करनी चाहिए। वहीं दूसरी आर्थिक अनियमितताएं करने वाले तत्वों से भी सख्ती से निबटा जाना चाहिए। यह भी चिंता की बात है कि नोटबंदी के नौ साल से ज्यादा का समय बीत जाने के बाद भी रियल एस्टेट क्षेत्र में काले धन का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल बना हुआ है।

बेशक, डिजिटल युग में भी 'नकदी ही राजा है' मानने वालों को रोकने के लिए जांच और कानूनों को सख्ती से लागू करने की जरूरत है। साथ ही इस दिशा में भी गंभीरता से विचार करना चाहिए कि भारतीय अर्थव्यवस्था को कमजोर करने की कोशिश में लगी विदेशी ताकतों की नकली करंसी के प्रसार में कितनी बड़ी भूमिका है। विगत में पाकिस्तान से ड्रग मनी व आतंकी संगठनों की मदद के लिए नकली करंसी के उपयोग की खबरें सामने आती रही हैं। नकली नोटों के चलन को रोकने में सबसे बड़ी बाधा जागरूकता का अभाव है। शहरों में तो थोड़ी बहुत जागरूकता दिखती है, पर ग्रामीण क्षेत्र में लोगों के कम पढ़े-लिखे होने का फायदा उठाकर नकली नोटों के सौदागर अपना लक्ष्य आसानी से पूरा कर लेते हैं। जाली नोट के साथ सबसे बड़ी दिक्कत ये होती है कि इसे पहचानना काफी मुश्किल होता है, क्योंकि जालसाज टेक्नोलॉजी की मदद से हूबहू असली नोटों से मिलते जुलते नकली नोट बना रहे हैं। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि नकली नोटों का बढ़ना न केवल अर्थव्यवस्था के लिए खतरा है, बल्कि यह आम जनता के विश्वास को भी कमजोर करता है। नकली नोटों की बढ़ती समस्या से निपटने के लिए तकनीकी सशक्तिकरण, कड़ी निगरानी, और जागरूकता अभियान जरूरी है।

मुद्दा

सोनम लववंशी



# उबलती चाय, जलते हाथ और ठहाके लगाता समाज!

देश ने चाय से आजादी पाई थी, अब चाय से दोस्ती साबित कर रहा है। सोशल मीडिया का ताजा आविष्कार उबलती चाय हाथों पर डालो और बताओ कि यार कितने पक्के हैं। शायद अगला चरण आग में कूदकर रिश्तेदारी नापने का होगा। कभी दोस्ती का मतलब होता था साथ बैठकर चाय पीना। आज मतलब है चाय सहना। फर्क बस इतना है कि पहले जलन दिल में होती थी, अब हथेलियों पर दिखाई देती है। और कैमरा ऑन हो तो दर्द भी देशभक्ति जैसा पवित्र हो जाता है। यह ट्रेंड बताता है कि हमारे समय में विवेक कोई आंतरिक गुण नहीं, बल्कि वैकल्पिक सुविधा है जिसे रील बनाते वक्त बंद किया जा सकता है। दोस्ती अब भावनात्मक रिश्ता नहीं, कंटेंट है। जितना ज्यादा जोखिम, उतना ज्यादा रिच। अगर अस्पताल में भर्ती हो जाओ, तो बोनस व्यूज। असली समस्या यह नहीं कि कुछ लोग अपने हाथ जला रहे हैं। असली समस्या यह है कि बाकी लोग कह रहे हैं कि 'भाई, गजब ट्रेंड है।' यही वह क्षण है जहां समाज ताली बजाते हुए अपनी समझ को चुपचाप दफन कर देता है। हम पहले ही ऐसे समाज में रहते हैं जहां हिंसा रोमांच है और जोखिम बहादुरी। सड़क पर स्टंट, रिश्तों में सहनशीलता और सोशल मीडिया पर मूर्खता सबको अलग-अलग नाम देकर वैध बना दिया गया है। अब जलना भी एक्सप्रेशन है। महिलाओं के लिए यह ट्रेंड कोई नई कहानी नहीं सुनाता, बस पुरानी सोच को नए फिल्टर में परोसता है। सहना आज भी 'अच्छी लड़की' की पहचान है। फर्क सिर्फ इतना है कि अब यह परीक्षा ससुराल में नहीं, इंस्टाग्राम पर ली जा रही है। इंकार आज भी खराब लगता है, जलना अब भी स्वाभाविक। अगर दोस्ती सच में परीक्षा मांगती, तो कृष्ण-सुदामा की मित्रता आज के ट्रेंड में फेल हो जाती। न कोई स्टंट, न कोई वीडियो, न कोई सबूत। सिर्फ भरोसा। शायद इसी वजह से वह मित्रता इतिहास में बची रह गई और आज तो दोस्तियां 24 घंटे में ही गुम हो जाती हैं। सबसे डरावनी बात यह नहीं कि लोग उबलती चाय डाल रहे हैं। डरावना यह है कि समाज क्यों पूछ नहीं रहा। जब सवाल पूछना बोरिंग और तालियां बजाना आसान हो जाए, तब समझ लीजिए कि जलन केवल हाथों में नहीं, सोच में फैल चुकी है। दोस्ती का मतलब सुरक्षा होता है। लेकिन जब रिश्ते लोकप्रियता के लिए खतरे में डाले जाएं, तो उसे दोस्ती नहीं भीड़ के सामने किया गया असफल अभिनय कहते हैं। आज अगर हमने इसे 'मजाक' कहकर छोड़ दिया, तो कल कोई और उबलता प्रयोग तैयार खड़ा होगा। और तब भी हम कहेंगे 'ट्रेंड तो चल रहा था।' कुछ रिपोर्ट्स बताती हैं कि वायरल चैलेंज की वजह से 2020 के बाद खतरनाक चोटें दोगुनी हो गई हैं, और 'ब्लैकआउट चैलेंज' जैसी गतिविधियों में 20 से अधिक बच्चों की मौतें हुई हैं। हालिया घटना में, एक किशोरी के चेहरे और हाथों पर जलने के निशान रह गए, सिर्फ इसलिए कि उसने 'फायर चैलेंज' में भाग लिया। यही डेटा बताता है कि यह सिर्फ स्टंट नहीं है, यह सोशल मीडिया की मानसिकता है। दर्द और जोखिम को रोमांच और लोकप्रियता का लेबल दे दिया गया है। महिला दृष्टि से यह मामला और गहरा है। इतिहास में सहनशीलता और धैर्य को स्त्रियों की शक्ति माना गया। आज वही सहनशीलता शारीरिक परीक्षा और डिजिटल चैलेंज के रूप में सामने आ रही है। 'ना' कहना अब भी कठिन है, 'सहना' अब भी आदर्श। जब समाज ने इसे स्वीकार्य मान लिया, तो यह सिर्फ व्यक्तिगत मूर्खता नहीं, सामूहिक समस्या बन जाती है। सोशल मीडिया पर दिखावे की दोस्ती ने यह सिद्ध कर दिया है कि मित्रता अब भावनात्मक विश्वास की नहीं, बल्कि दिखावे और प्रदर्शन की वस्तु है। अगर मित्रता सच में परीक्षा मांगती, तो कृष्ण और सुदामा की मित्रता आज भी आदर्श के रूप में याद रखी जाती। वहां न कोई स्टंट था, न कोई कैमरा, था तो केवल भरोसा और सम्मान। आज का ट्रेंड उसी मूल भावना का मजाक है। दोस्ती का मतलब अब सुरक्षा और सम्मान नहीं, कंटेंट बनाना हो गया है। हाथ जलता है तो जले, कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि व्यूज मिल गए हैं। आंकड़े बताते हैं कि साल 2025 में इंटरनेट पर वायरल खतरनाक चैलेंज में 50 प्रतिशत से अधिक प्रभावितों में किशोरियां और युवा महिलाएं हैं। उसकी वजह केवल ट्रेंड की खोज नहीं, बल्कि यह भी है कि समाज में सहनशीलता को 'गुण' मानने की मानसिकता अब डिजिटल मंच पर भी हावी है। दोस्ती, जो कभी विश्वास और समय की कसौटी पर परखी जाती थी।

# 'छिद्रान्वेषण', जो लोग दूसरों में ढूंढ़ते हैं दोष



संकलित

दर्शन

लोग प्रायः दूसरों में दोष ढूंढ़ने में लगे रहते हैं। इसी को छिद्रान्वेषण कहते हैं। ऐसा करने वाले लोग अपने बड़े-बड़े दोषों को देखते हुए भी नहीं देख पाते। फिर भी दूसरों में दोष निकालने से बाज नहीं आते। यह प्रवृत्ति न केवल स्वयं के लिए, अपितु समाज के लिए भी घातक है। इसी कारण समाज में ईर्ष्या, द्वेष और वैमनस्य का परिवेश बनता है। इसका सर्वाधिक विपरीत प्रभाव उन लोगों के मनोबल पर पड़ता है, जो ईमानदारी से समाज और देश की सेवा कर जीवन यापन करना चाहते हैं। छिद्रान्वेषी प्रवृत्ति अमूमन उन्हीं लोगों में देखने को मिलती है जो स्वयं बुराइयों के भंडार होते हैं। इससे उनकी सकारात्मक ऊर्जा का निरंतर क्षरण होता है और स्वयं का विकास अवरुद्ध हो जाता है। इसीलिए चाणक्य ने कहा है, 'मनुष्य की यह प्रवृत्ति कभी अपने भीतर सद्गुणों का विकास नहीं होने देती।' परिणामस्वरूप मन, वाणी और कर्म तीनों कलुषित हो जाते हैं। महाभारत में दुर्योधन छिद्रान्वेषी दुष्प्रवृत्ति का सबसे बड़ा उदाहरण है। उसने कभी अपने दोष देखने का प्रयास नहीं किया। इसीलिए उसके मन, वाणी और कर्म सभी कलुषित हो गए। एक बार गुरु द्रोण ने दुर्योधन और युधिष्ठिर दोनों को राज्य में साधु पुरुषों की गणना के लिए भेजा तो दुर्योधन को कोई साधु पुरुष मिला ही नहीं। यह दुर्योधन की छिद्रान्वेषी दुष्प्रवृत्ति का परिणाम था। इसके विपरीत युधिष्ठिर को कोई दुर्जन व्यक्ति नहीं मिला। वास्तव में दूसरे के दोष देखने का अधिकार उसी को है, जिसमें वह बुराई न हो।

# क्या भोग लगाना पाखंड है?



संकलित

प्रेरणा

एक बार सन 1989 में मैंने सुबह टीवी खोला तो जगत गुरु शंकराचार्य कांची कामकोटि जी से प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम चल रहा था। एक व्यक्ति ने प्रश्न किया कि हम भगवान को भोग क्यों लगाते हैं। जगद्गुरु शंकराचार्य जी ने कहा यह समझने की बात है कि जब हम प्रभु को भोग लगाते हैं तो वह उसमें से क्या ग्रहण करते हैं। मान लीजिए कि आप लड्डू लेकर भगवान को भोग चढ़ाने मंदिर जा रहे हैं और रास्ते में आपका जानने वाला कोई मिलता है और पूछता है यह क्या है तब आप उसे बताते हैं कि यह लड्डू है। फिर वह पूछता है कि किसका है? तब आप कहते हैं कि यह मेरा है। फिर जब आप वही मिष्ठान्न प्रभु के श्री चरणों में रख कर उन्हें समर्पित कर देते हैं और उसे लेकर घर को चलते हैं तब फिर आपको जानने वाला कोई दूसरा मिलता है और वह पूछता है कि यह क्या है ? तब आप कहते हैं कि यह प्रसाद है फिर वह पूछता है कि किसका है तब आप कहते हैं कि यह हनुमान जी का है। अब समझने वाली बात यह है कि लड्डू वही है। उसके रंग रूप स्वाद परिमाण में कोई अंतर नहीं पड़ता है तो प्रभु ने उसमें से क्या ग्रहण किया कि उसका नाम बदल गया। वास्तव में प्रभु ने मनुष्य के मम-कार को हर लिया। यह मेरा है का जो भाव था, अहंकार था प्रभु के चरणों में समर्पित करते ही उसका हरण हो गया। प्रभु को भोग लगाने से मनुष्य विनीत स्वभाव का बनता है शीलवान होता है। अहंकार रहित स्वच्छ और निर्मल चित्त मन का बनता है। इसलिए इसे पाखंड नहीं कहा जा सकता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### तन, मन व आत्मा को शुद्ध करता है मौन

18 जनवरी को मौनी अमावस्या मनाई गई। हमारी देवभाषा संस्कृत में मौनी का एक अर्थ मौन भी होता है। सनातन धर्म में बहुत से त्योहार, पर्व, व्रत और अन्य बहुत से ऐसे धार्मिक आयोजन होते हैं, जिनका धार्मिक महत्व तो बहुत होता है, इसी के साथ-साथ यह विज्ञान की दृष्टि में भी बहुत महत्वपूर्ण है। इनसे हमारा तन, मन और पर्यावरण भी शुद्ध होता है। मौनी अमावस्या पर साधु-संतों और अन्य लोगों ने विभिन्न तरीकों से पूजा अर्चना की। इनमें से बहुतों ने इस दिन मौन व्रत भी रखा। विद्वान कहते हैं कि मौन व्रत से हमारा तन, मन और आत्मा शुद्ध होती है और हवन करने से पर्यावरण भी साफ होता है। मौन से हमारी वो ऊर्जा बेवजह बर्बाद होने से बचती है जो हम बेकार और फालतू बातों के लिए बर्बाद करते हैं। - पंकज पटेल, भाटापारा

## ट्रेंड

### यूएई से मजबूत दोस्ती



अपने भाई, यूएई के राष्ट्रपति महामहिम शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान का स्वागत करने के लिए एयरपोर्ट गया। उनकी यह यात्रा दिखाती है कि वह भारत-यूएई की मजबूत दोस्ती को कितनी अहमियत देते हैं। हमारी बातचीत का इंतजार है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### पार्वती गिरी को नमन



महान स्वतंत्रता सेनानी एवं समाजसेवी पार्वती गिरी जी की 100वीं जयंती पर कोटि-कोटि नमन। अल्पायु में ही भारत छोड़ो आंदोलन से जुड़कर मातृभूमि की स्वाधीनता के लिए अहम भूमिका निभाई थी। पार्वती जी का त्याग-राष्ट्रप्रेम प्रेरणास्रोत है।

-अमित शाह, गृहमंत्री

### संघर्ष करते तो बनते महान



देशभर में ऐसे लोगों को देखते हैं जो किसी बात पर विश्वास तो करते हैं, लेकिन कहने का साहस नहीं रखते लेकिन महान राष्ट्र चुप्पी से नहीं बनते। जब वे विचार खुलकर रखते हैं उसके लिए संघर्ष करते हैं तब व महान बनते हैं। - राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### हार्दिक शुभकामनाएं



कोकबोरोक दिवस के अवसर पर त्रिपुरा के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं। यह विशेष अवसर कोकबोरोक का जश्न मनाता है - यह एक प्राचीन, सांस्कृतिक रूप से जीवंत स्वदेशी भाषा है जो सदियों से बोली जाती रही है, और यह भारत की विविधता और साझा मूल्यों की समृद्धि को उजागर करती है।

- मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष

## करंट अफेयर

# एआई बॉट चुनावों को प्रभावित कर सकते हैं


दुनिया के पहले सोशल मीडिया आधारित 'वॉरगेम' से यह खुलासा हुआ है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से संचालित बॉट न केवल बड़े पैमाने पर गलत सूचना फैला सकते हैं, बल्कि संगठित तरीके से चुनावी नतीजों को भी प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं। यह बात ऐसे समय में सामने आयी है, जब वैश्विक स्तर पर सोशल मीडिया पर फर्जी खबरों और डीपफेक सामग्री को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं। एआई बॉट एआई पर आधारित सॉफ्टवेयर प्रोग्राम होता है, जो इंसानों की तरह बातचीत करने, सवालों के जवाब देने और काम करने में सक्षम होता है।




## ऑफ बीट

# महासागर पहले कभी हरे रंग के हुआ करते थे

महासागर धरती के करीब तीन चौथाई हिस्से पर फैले हैं जिससे यह ग्रह आकाश से हल्के नीले रंग का दिखता है। लेकिन 'नेचर पत्रिका' में प्रकाशित एक अध्ययन रिपोर्ट में जापानी शोधकर्ताओं ने यह दावा किया है कि पृथ्वी के महासागर कभी हरे हुआ करते थे। प्राचीन काल में पृथ्वी के महासागरों के अलग रंग में दिखने का संबंध उनके रसायन विज्ञान और प्रकाश संश्लेषण के विकास से है। भूविज्ञान के स्नातक छात्र के रूप में, मुझे ग्रह के इतिहास को रिकॉर्ड करने के लिहाज से 'बैंडेड आयरन' संरचना के रूप में जाने जाने वाले एक प्रकार के 'चट्टानी जमाव' के महत्व के बारे में पढ़ाया गया था।



## संक्षेप

### 30 जनवरी से 13 फरवरी 2026 तक चलाया जाएगा कुष्ठ जागरूकता अभियान

अमन लेखनी समाचार

ललितपुर- प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अमित तिवारी ने बताया कि राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 30 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय कुष्ठ निवारण दिवस एवं 30 जनवरी 2026 से 13 फरवरी 2026 तक स्पर्ष कुश्ठ जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उन्होने बताया कि आगामी स्पर्ष कुश्ठ जागरूकता अभियान के दौरान कुश्ठ रोग से संबंधित जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियाँ की जाएगी। जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ0 प्रदीप सिंह यादव ने बताया कि त्वचा पर हल्के या तांबाई रंग के धब्बे जिनमे सुन्नपन्न हो, हाथ या पैरों में झनझनाहट का अनुभव, नसो में दर्द, हाथ-पैर या पलको की कमजोरी कुश्ठ रोग के कारण हो सकती है। सभी कुश्ठ रोगियों को ससमय पहचान कर एवं इलाज दिलाकर दिव्यांगता से बचाना पहली प्राथमिकता है। पब्लिक हेल्थ स्पेषलिस्ट एवं उप जिला कुष्ठ अधिकारी डा0 सौरभ सक्सेना ने बताया कि कुश्ठ एक दीर्धकालिक संक्रामक रोग है जो कि माइकोबैक्टीरियम लेप्री नामक जीवाणु से होता है। इसको हेन्सन रोग के नाम से भी जाना जाता है जो कि मुख्यता हाथो, पैरों की परिधीय तंत्रिका, त्वचा, नाक की ष्लेश्मा और ऊपरी ष्वसन तंत्र को प्रभावित करता है। कुश्ठ रोग का यदि समय पर उपचार न किया जाए तो दिव्यांगता हो सकती है। अतः कुश्ठ के लक्षण होने पर निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र पर तुरन्त सम्पर्क करना चाहिए। वर्श 2026 के लिए स्पर्ष कुश्ठ जाागरूकता अभियान की निर्धारित थीम भेदभाव समाप्त कर गरिमा सुनिष्चित करें है। प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अमित तिवारी ने सभी जनमानस से आगामी स्पर्ष कुश्ठ जागरूकता अभियान कि सफलता हेतु सहयोग की अपील की।

### 22 जनवरी से खुरपका-मुंहपका रोग के खिलाफ बड़ा टीकाकरण अभियान

पीलीभीत। दुधारू पशुओं को खुरपका-मुंहपका रोग से बचाने के लिए जनपद में 22 जनवरी से सातवें चरण का व्यापक टीकाकरण अभियान शुरू किया जाएगा। यह अभियान 10 मार्च तक चलेगा, जिसमें लगभग तीन लाख गोवंश एवं भैंसवंशीय पशुओं का निःशुल्क टीकाकरण किया जाएगा। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि सर्दी और मौसम परिवर्तन के दौरान यह रोग तेजी से फैलता है, जिससे पशुओं के खुर और मुंह में घाव, दुग्ध उत्पादन में गिरावट और कई बार मृत्यु तक हो जाती है। उन्होंने बताया कि यह अभियान लाइव स्टॉक हेल्थ एंड डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है। टीकाकरण के लिए पशु चिकित्सा विभाग की टीमें गांव-गांव जाकर कार्य करेंगी। पशुपालकों से अपील की गई है कि वे समय रहते टीकाकरण की तिथि और कर्मियों की जानकारी प्राप्त करें तथा किसी भी स्थिति में अपने पशुओं को टीकाकरण से वंचित न रखें।

# सोलर लाइट ट्रैप लगाने के लिए किसानों को 75 प्रतिशत मिल रहा अनुदान

## फसल को कीटों के प्रकोप से बचाने के लिए लगवाएं सोलर लाइट ट्रैप: प्रिया नन्दा

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



बहराइच। पहली बार जनपद बहराइच में किसानों की फसल सुरक्षा के लिए एक नई तकनीकी का प्रयोग किया जा रहा है जिसका लाभ किसानों को उनकी फसल सुरक्षा करने में आसानी से मिलेगा। कीटों के प्रकोप से फसलों को काफी नुकसान होता है। आमतौर पर कीटों से बचाव के लिए रासायनिक पदार्थों का इस्तेमाल किया जाता है। जिससे पर्यावरण और मिट्टी की उर्वरता पर बुरा असर पड़ता है। साथ ही इसका असर मनुष्यों भी पड़ता है। इससे बचाव के लिए सरकार ने किसानों को सोलर लाइट ट्रैप तकनीक अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया है। इसके तहत सरकार 75 प्रतिशत तक अनुदान दे रही है।सोलर लाइट ट्रैप में एक खास तरह की लाइट होती है। इसे दिन में सोलर प्लेट के जरिये चार्ज कर रात में खेतों में जलाया जाता है।इसकी रोशनी से कीट आकर्षित होकर इसके नीचे बने स्टोरेज चेंबर में गिरकर खत्म हो जाते हैं।यह तकनीक न सिर्फ रासायनिक कीटनाशकों की खपत को कम करती है, बल्कि फसलों को सुरक्षित रखने में भी मददगार साबित होगी।जिला कृषि रक्षा अधिकारी प्रिया नन्दा ने बताया कि जिले की सभी 14 कृषि रक्षा इकाईयों पर सोलर लाइट ट्रैप उपलब्ध है। 1400 का लक्ष्य मिला है। 635 का भुगतान करने पर किसान के बैंक खाते में 431 रुपये सब्सिडी भेजी जाती है। उन्होंने सोलर लाइट ट्रैप के होने वाले फायदे के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि रासायनिक कीटनाशकों का कम इस्तेमाल।पर्यावरण को कम नुकसान।फसल उत्पादन में वृद्धि, कीटों से सुरक्षा से पैदावार अधिक होती है।खेत में हानिकारक कीटनाशकों के नहीं होने से किसानों और उपभोक्ताओं का स्वास्थ्य सुरक्षित रहता है।इस तकनीक को एक बार अपनाने से दीर्घकालिक लाभ मिलता है। सोलर लाइट ट्रैप को फसल की ऊंचाई से दो फीट ऊपर लगाएं।शाम सात से रात 10 बजे तक लाइट जलाएं।इसे नियमित रूप से साफ करें, ताकि अधिकतम परिणाम मिले। प्रियानंदा ने यह भी बताया कि अभी तक सौ से अधिक किसानों ने खरीदारी की है, उन्होंने अपील करते हुए कहा कि किसान भाई जल्द से जल्द इस योजना का लाभ ले जिससे उनकी फसलों को आसानी से सुरक्षा मिल सके।

# एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने नानपारा के ब्लैक स्पाट्स का किया निरीक्षण

## यातायात नियमों का पालन करने के लिए लोगों को किया गया जागरूक

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच। शासन के निर्देश पर 31 जनवरी 2026 तक जनपद में संचालित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अन्तर्गत अधिकारियों की टीम द्वारा तहसील नानपारा में चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वाहन चालकों को हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करने, ओवरलोडिंग न करने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, वैध दस्तावेज साथ के साथ वाहन का संचालन करने तथा रात्रि में लाइट एवं संकेतकों के सही प्रयोग जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी गयी। यातायात विभाग और राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों के साथ समन्वय कर एक ठोस रोड मैप तैयार करने के उद्देश्य से उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी ने पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह, यातायात प्रभारी बहराइच विजेंद्र मिश्रा, अवर अभियंता विपुल श्रीवास्तव तथा प्रभारी निरीक्षक रुपईडीहा रमेश सिंह रावत व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के साथ एनएच-927 स्थित सोरहिया, बाबागंज कुट्टी ,बाबागंज बाजार मार्ग व राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 730 स्थित स्थित शिवपुर मोड चौराहा, चीनी मिल, लक्ष्मणपुर मटेही, कुर्मिन पुरवा बाईपास अग्नूपूरवा बाइपास स्थित ब्लैक स्पॉट्स का निरीक्षण किया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग के अवर अभियंता विपुल श्रीवास्तव ने बताया कि केवलपुर चौराहे पर दुर्घटनाओं को कम करने के लिए विद्युत पोल और ट्रांसफार्मर को शिफ्ट करने के साथ-साथ साइनेज, रंबल स्ट्रिप, येलो स्ट्रिप बार, टीबीएम सहित अन्य सुरक्षा उपायों को लागू कर दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण का प्रयास किया जाएगा। उप जिलाधिकारी श्रीमती जौहरी ने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अन्तर्गत तहसील क्षेत्र अन्तर्गत इसी प्रकार के जागरूकता एवं निरीक्षण अभियान जारी रहेंगे। अभियान को सफल बनाने हेतु यातायात पुलिस बल एवं परिवहन विभाग के कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से सहभागिता निभाई गई।

# ब्राह्मण वेलफेयर महासभा ने पीएम को पत्र भेज कर यूजीसी इक्विटी कमेटी की अधिसूचना को वापस लिए जाने की मांग की

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। ब्राह्मण वेलफेयर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष वी0 पी0 मिश्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र प्रेषित कर विश्व विद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा जनवरी 2026 में जारी की गई (प्रमोशन ऑफ इक्विटी इन हायर एजुकेशन इस्टीट्यूशन) रेगुलेशन, 2026, जिसे दिनांक 15 जनवरी 2026 को भारत के राजपत्र में अधिसूचित कर तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है उसको वापस लिए जाने की मांग की है।पत्र की प्रतिलिपि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को भी प्रेषित की गई है।ब्राह्मण वेलफेयर महासभा ने अपने पत्र में यह उल्लेख किया है कि यह अधिसूचना अत्यंत गंभीर संवैधानिक एवं विधिक प्रश्न उत्पन्न करती है। यह अधिसूचना उच्च शिक्षा संस्थानों में भेदभाव को रोकने के उद्देश्य से लाई गई बताई जा रही है तथा छात्रों के अधिकारों की सुरक्षा पर विशेष बल दिया गया है। इसके अंतर्गत सभी विश्वविद्यालयों एवं उच्च शिक्षा संस्थानों में 90 दिनों के भीतर इक्विटी कमेटियों के गठन का प्रावधान किया गया है, जिन्हें शिकायतों की जांच का अधिकार दिया गया है।उक्त अधिसूचना भारत के सविधान में प्रदत्त समानता के मूल अधिकार (अनुच्छेद 14, 15 एवं 21) की भावना के अनुरूप नहीं है।खासकर सामान्य वर्ग के छात्रों के अधिकारों एवं सवैधानिक संरक्षण को पूर्णतः नजरअंदाज करती है।यह अधिसूचना एकतरफा दृष्टिकोण अपनाते हुए समान अवसर के सिद्धांत को कमजोर करती है, जो कि, संविधान की मूल संरचना के प्रतिकूल है।इस प्रकार की अधिसूचनाओं के माध्यम से सामान्य वर्ग के अधिकारों एवं सवैधानिक संरक्षण का निरंतर हनन किया जाना, समाज में व्यापक असंतोष एवं नाराजगी की जन्म दे रहा है। जब तक इस अधिसूचना को वापस नहीं लिया जाता है, ब्राह्मण वेलफेयर महासभा लोकतांत्रिक, संवैधानिक एवं विधिक तरीकों से इसका विरोध करेगा।

# एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने नानपारा के ब्लैक स्पाट का किया निरीक्षण

## यातायात नियमों का पालन करने के लिए लोगों को किया गया जागरूक

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल/संतोष मिश्रा



बहराइच। शासन के निर्देश पर 31 जनवरी 2026 तक जनपद में संचालित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अन्तर्गत अधिकारियों की टीम द्वारा तहसील नानपारा में चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वाहन चालकों को हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करने, ओवरलोडिंग न करने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, वैध दस्तावेज साथ के साथ वाहन का संचालन करने तथा रात्रि में लाइट एवं संकेतकों के सही प्रयोग जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी गयी। यातायात विभाग और राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों के साथ समन्वय कर एक ठोस रोड मैप तैयार करने के उद्देश्य से उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी ने पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह, यातायात प्रभारी बहराइच विजेंद्र मिश्रा, अवर अभियंता विपुल श्रीवास्तव तथा प्रभारी निरीक्षक रुपईडीहा रमेश सिंह रावत व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के साथ एनएच-927 स्थित सोरहिया, बाबागंज कुट्टी ,बाबागंज बाजार मार्ग व राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 730 स्थित स्थित शिवपुर मोड चौराहा, चीनी मिल, लक्ष्मणपुर मटेही, कुर्मिन पुरवा बाईपास अग्नूपूरवा बाइपास स्थित ब्लैक स्पॉट्स का निरीक्षण किया गया।राष्ट्रीय राजमार्ग के अवर अभियंता विपुल श्रीवास्तव ने बताया कि केवलपुर चौराहे पर दुर्घटनाओं को कम करने के लिए विद्युत पोल और ट्रांसफार्मर को शिफ्ट करने के साथ-साथ साइनेज, रंबल स्ट्रिप, येलो स्ट्रिप बार, टीबीएम सहित अन्य सुरक्षा उपायों को लागू कर दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण का प्रयास किया जाएगा। उप जिलाधिकारी श्रीमती जौहरी ने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अन्तर्गत तहसील क्षेत्र अन्तर्गत इसी प्रकार के जागरूकता एवं निरीक्षण अभियान जारी रहेंगे। अभियान को सफल बनाने हेतु यातायात पुलिस बल एवं परिवहन विभाग के कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से सहभागिता निभाई गई।

# वन्दे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में पशु चिकित्सा एवं मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच। राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में बल मुख्यालय के निर्देशानुसार आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत गुरुवार को 59वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, नानपारा के तत्वावधान में लौकाही के अंतर्गत ग्रामझगौरा पिपरा (वाइब्रेंट विलेज) में पशु चिकित्सा शिविर एवं मानव चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। उक्त शिविर सीमांत मुख्यालय, सशस्त्र सीमा बल, लखनऊ द्वारा नामित डॉ. ए. के. सिन्हा (कमांडेंट/पशु चिकित्सा) एवं डॉ. सुरेश कुमार, चिकित्सा सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (मिहीनपूर्वा) के नेतृत्व में आयोजित किया गया।इस अवसर पर सीमावर्ती क्षेत्र में निवासरत स्थानीय नागरिकों एवं पशुपालकों को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श, उपचार तथा पशु रोगों की रोकथाम से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित करना, पशुपालकों को जागरूक बनाना तथा राष्ट्रीय अवसर के माध्यम से राष्ट्र के प्रति एकता, सद्भावना एवं देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करते हुए स्थानीय नागरिकों को राष्ट्रीय मुख्यधारा से जोड़ना रहा। यह संपूर्ण आयोजन 59वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, नानपारा के समन्वय से सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया।

# एनएच-927 पर ब्लैक स्पॉट चिन्हित, केवलपुर चौराहे पर संयुक्त निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



रुपईडीहा, बहराइच। राष्ट्रीय राजमार्ग-927 पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से स्थानीय पुलिस एवं राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से राजमार्ग के ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण कर उन्हें चिन्हित किया गया। इसी क्रम में पूर्व में चिन्हित अति दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में शामिल केवलपुर चौराहे पर संयुक्त निरीक्षण किया गया।इस निरीक्षण में उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी, पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह, यातायात प्रभारी बहराइच विजेंद्र मिश्रा, राष्ट्रीय राजमार्ग के अवर अभियंता विपुल श्रीवास्तव तथा प्रभारी निरीक्षक रुपईडीहा रमेश सिंह रावत मौजूद रहे। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर अब तक हुई दुर्घटनाओं के कारणों की गहन समीक्षा की और भविष्य में सड़क हादसों को कम करने को लेकर विस्तृत चर्चा की।उप जिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी ने बताया कि एनएच-927 पर दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात विभाग एवं राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर ठोस कदम उठाए जाएंगे, ताकि राजमार्ग को अधिक सुरक्षित बनाया जा सके।

वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग के अवर अभियंता विपुल श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि केवलपुर चौराहे पर दुर्घटनाओं की आशंका को कम करने के लिए वहां स्थित विद्युत पोल एवं ट्रांसफार्मर को हटाया जाएगा। इसके साथ ही यातायात से संबंधित आवश्यक साइनबोर्ड, रंबल स्ट्रिप, पीली स्ट्रिप बार, टीबीएम सहित अन्य सुरक्षा उपाय लागू किए जाएंगे, जिससे दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके।अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर शीघ्र ही सुधारात्मक कार्य शुरू कर सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी।

# जमीन कब्जेदारी को लेकर जमकर चली लाठियाँ, घायलों का इलाज जारी

## अभियोग दर्द, दो पुलिस हिरासत में

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच। जिले के चकैया कोठार में जमीनी विवाद को लेकर चले लाठी-डंडा व धारदार हथियार, दो की हालत गंभीर, मुकदमा दर्ज। खबर है कि खैरीघाट थाना क्षेत्र के चकैया कोठार गांव में गुरुवार सुबह करीब 9 बजे जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। एक पक्ष ने लाठी-डंडा व धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिसमें दो लोग गंभीर रूप से व एक महिला घायल हो गई। पिंकी देवी ने तहरीर देकर गांव के ही पंकज, विपिन, अवनीश व लल्लन पर आरोप लगाया।घायल चंद्रकला और रामखेलावन व छाया देवी को सीएचसी शिवपुर लाया गया, जहां से चंद्रकला और रामखेलावन की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया। थानाध्यक्ष आनंद सिंह ने बताया कि जमीन कब्जेदारी को लेकर विवाद हुआ था। दो आरोपियों को हिरासत में लेकर जांच की जा रही है। आरोपियों पर कार्यवाही और पीड़ित को न्याय हमारी प्राथमिकता है।

# नशबंदी कैम्प में 26 महिलाओं ने कराया नशबंदी

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। सामुदायिक स्वास्थ्य केंन्द्र चरदा में गुरुवार को नसबंदी कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सकों ने 26 महिलाओं का सफल नशबंदी ऑपरेशन किया गया। सीएचसी प्रभारी डॉ अताउल रहमान ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरदा में नसबंदी कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें नवाबगंज ब्लॉक की 26 महिलाओं ने रजिस्ट्रेशन कराया था, जिसमे से 26 महिलाओ कों एंबुलेंस से सीएचसी चरदा में नसबंदी का सफल ऑपरेशन हुआ। नसबंदी कैंप में 26 महिलाओं की नसबंदी की गई।डॉ अताउल रहमान ने बताया कि छब्बीस महिलाओं ने नसबंदी कैंप में रजिस्ट्रेशन कराया था। जिसमे से 26 महिलाओं कों क्षेत्र की आशा कार्यकत्री के साथ एंबुलेंस से स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया। ऑपरेशन के बाद जरूरी दवाओं के साथ कम से कम 15 दिनों तक बेड रेस्ट और सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं। शिविर के दौरान सर्जन डॉ मत्तदेव, स्टाफ नर्स रूचि सिंह, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक हरीराम आर्य, आशुतोष वर्मा, राहुल कश्यप समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# युवक ने एआई से अश्लील-फोटो बनाकर किया ब्लैकमेल

## इंस्टाग्राम पर की थी दोस्ती, एआई जनरेट की गई फोटो महिला के रिश्तेदार के पास भेजा

अमन लेखनी समाचार




शाहजहांपुर , एक महिला के साथ वीडियो कॉल के दौरान युवक ने फोटो खींच लिया। आरोपी ने उस फोटो को एआई के जरिए अश्लील बना दिया और महिला के एक रिश्तेदार के पास भेज दिया। इसके बाद युवक ने महिला को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। पीड़िता डर के कारण अपने मोबाइल नंबर और सभी सोशल मीडिया आईडी बंद कर दी। पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना थाना आरसी मिशन क्षेत्र के एक मोहल्ले की है। महिला ने पुलिस को बताया कि मार्च 2025 में उनके इंस्टाग्राम पर युवक की फ्रेंड रिक्वेस्ट आई। उन्होंने इसे एक्सेप्ट किया और दोनों की दोस्ती शुरू हो गई। कुछ समय बाद दोनों ने एक दूसरे के नंबर शेयर किए और वीडियो कॉल पर भी बात होने लगी। एआई का गलत इस्तेमाल और धमकी वीडियो कॉल के दौरान युवक ने स्क्रीनशॉट लेकर उसे एआई के माध्यम से अश्लील फोटो में बदल दिया। इसके बाद आरोपी ने महिला को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। महिला के पति ने मामले में हस्तक्षेप किया और कुछ समय के लिए मामला शांत रहा। धमकी रिश्तेदार के पास भी 14 जनवरी को आरोपी ने एआई जनरेट की गई फोटो महिला के रिश्तेदार के पास भेज दी। धमकी दी कि यदि महिला से बात नहीं कराई गई, तो सभी फोटो वायरल कर दिए जाएंगे।

# कांग्रेस का मनरेगा बचाओ अभियान

## भाजपा पर मतदाता सूची से नाम हटाने और योजना कमजोर करने का आरोप लगाया

अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़ , कांग्रेस पार्टी ने 'मनरेगा बचाओ संग्राम' के तहत गांव-गांव में चौपाल लगाकर अभियान चलाया। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी ने आरोप लगाया कि भाजपा एसआईआर के माध्यम से चुनाव आयोग के साथ मिलीभगत कर लोकतंत्र को कमजोर कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में एसआईआर के जरिए लगभग पौने तीन करोड़ मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। त्रिपाठी ने इसे लोकतंत्र में मताधिकार छीनने और मजदूरों से काम वापस लेने का भाजपा का सबसे बड़ा छल बताया। मनरेगा बचाओ संग्राम के जिला कोऑर्डिनेटर रवि भूषण सिन्हा और एसआईआर जिला कोऑर्डिनेटर राम शिरोमणि वर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि भाजपा को महात्मा गांधी के नाम से चिढ़ है। उन्होंने दावा किया कि मनरेगा योजना गरीब और कमजोर तबके के लिए वरदान साबित हुई थी, लेकिन मोदी सरकार ने मनरेगा (राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) में बदलाव कर गरीबों के आर्थिक हितों को नुकसान पहुंचाया है। एमएलसी चुनाव कोऑर्डिनेटर मासूम हैदर और लक्ष्मणपुर ब्लॉक अध्यक्ष रविंद्र मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी भाजपा की जनविरोधी नीतियों का पुरजोर विरोध करती है।



# जैन मिलन आदिनाथ शाखा ने लगाया निशुल्क शिविर सैकड़ो मैरिज हुए लाभान्वित

अमन लेखनी समाचार



ललितपुर- जैन मिलन आदिनाथ बड़ा मंदिर शाखा का अतिवीर शाखा संरक्षक श्री मंत सेठ सुनील कुमार कामरा के पिता कीर्तिशेष हुकुम चंद कामरा कि पुण्य स्मृति में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन एवं चिकित्सक, और शाखा के वरिष्ठ पदाधिकारियों के स्वागत से हुओ जैन मिलन के क्षेत्रीय अध्यक्ष श्रेयांश जैन गदयाना, राष्ट्रीय चेयर पर्सन सुरेश बाबू जैन एडवोकेटक्षेत्रीय वरिष्ठ अध्यक्ष अजय बरया, अजय जैन साईकिल ने कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर शाखा को सकारात्मक प्रेरणा दी इस शिविर में वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉ.अमित बर्मा चंदा नेत्र चिकित्सालय,स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपाली जैन, दन्त रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपक जैन पूर्व दन्त चिकित्सक अपोलो अस्पताल गुजरात एवं क्रमशः नेत्र विभाग अधिकारी समकित जैन, देव प्रकाश गौतम, अंजनी शुक्ला सभी ने अपना अमूल्य समय और लोगों को उचित परामर्श और मार्गदर्शन दिया सभी चिकित्स्कों ने अपने उद्बोधनों में कहा कि हमें रोगों के प्रति सजग और संवेदनशील रहना चाहिए और समय-समय पर परामर्श तथा जाँच करवाते रहना चाहिऐ शिविर में नेत्र विभाग में 130, स्त्री रोग में 22, और दन्त विभाग में 27 लोगों ने परामर्श प्राप्त किया शिविर में आये लोगों कि आवश्यकता को देखते हुए नेत्र विभाग से समकित जैन ने कहा कि जो लोग मोतिया बिन्द कि समस्या से ग्रसित है उनका चंदा नेत्र चिकित्सालय द्वारा मुफ्त इलाज किया जायेगा इस स्वास्थ्य शिविर में शाखा अध्यक्ष वीर आवेश जैन, शाखा मंत्री वीर संजीव जैन, कोषाध्यक्ष वीर मनीष कठरया, संयोजक वीर मुकेश सिंघई, शाखा संरक्षक अतिवीर सुनील कामरा, संरक्षक वीर अशोक प्रेस, शाखा मंत्री विनोद जैन विनी संरक्षक कुलदीप देवरान, अरविन्द जैन कक्कू आकाश जैन, सचिन जैन नीकू राजू जखौरा, सिद्धेश्वर जमोरया, उपस्थित रहे कार्यक्रम कि अध्यक्षता कर रहे

## संक्षेप

### युवक ट्रैफिक इंस्पेक्टर की सरकारी कार लेकर फरार

#### दुकान में मारी टक्कर, गाड़ी क्षतिग्रस्त; युवक घायल

बागपत , एक युवक ट्रैफिक इंस्पेक्टर की सरकारी कार लेकर फरार हो गया। युवक ने कार को तेज रफ्तार में मेरठ रोड की ओर दौड़ा दिया और करीब 500 मीटर बाद अनियंत्रित होकर एक दुकान में टक्कर मार दी। हादसे में युवक घायल हो गया, जबकि बड़ा हादसा होने से बाल-बाल बच गया। यह घटना बागपत शहर कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय वंदना चौक की है। यहां ट्रैफिक पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी पर तैनात थे और यातायात व्यवस्था संभाल रहे थे। इसी दौरान एक युवक, जो नशे की हालत में बताया जा रहा है, अचानक ट्रैफिक इंस्पेक्टर की खड़ी सरकारी कार में बैठा और उसे स्टार्ट कर मेरठ रोड की ओर लेकर भाग निकला। कार को लेकर भागते युवक को देखकर मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी उसके पीछे दौड़े, लेकिन वह तेजी से आगे निकल गया। कुछ दूरी तय करने के बाद युवक का संतुलन बिगड़ गया और कार सीधे सड़क किनारे स्थित एक दुकान में जा घुसी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि उस समय सड़क पर मौजूद अन्य वाहन चालक और राहगीर उसकी चपेट में नहीं आए। हादसे में घायल युवक को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलने पर ट्रैफिक पुलिस और बागपत पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त कार को दुकान से हटवाया। पुलिस ने सरकारी वाहन को बरामद कर लिया है। पुलिस अधिकारियों ने इस पूरे मामले को गंभीरता से लिया है। यह भी जांच की जा रही है कि ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की मौजूदगी के बावजूद युवक कैसे सरकारी कार लेकर फरार हो गया। मामले से जुड़े सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है और आगे विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### फार्म रजिस्ट्री जागरूकता अभियान शुरू

#### बागपत में डीएम ने दिखाई हरी झंडी, कई लोग मौजूद रहे

बागपत , जनपद में किसानों को फार्म रजिस्ट्री के प्रति जागरूक करने के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया गया है। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने कलेक्ट्रेट परिसर से जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य किसानों को फार्म रजिस्ट्री के महत्व से अवगत कराना है, ताकि वे सरकार की विभिन्न कृषि योजनाओं का सीधा लाभ उठा सकें। जिलाधिकारी ने बताया कि फार्म रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों का डेटा डिजिटल रूप से सुरक्षित रहेगा। इससे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, कृषि ऋण, अनुदान और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ किसानों तक पारदर्शी तरीके से पहुंच सकेगा। उन्होंने जोर दिया कि जनपद का कोई भी पात्र किसान फार्म रजिस्ट्री से वंचित न रहे, इसके लिए प्रशासन गंभीरता से कार्य कर रहा है। जागरूकता अभियान के तहत गांवों में जाकर किसानों को फार्म रजिस्ट्री की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज और इसके लाभों के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसके लिए प्रचार वाहन, बैनर, पंपलेट और ग्राम सभाओं का उपयोग किया जाएगा। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे किसानों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करें और किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही न हो। डीएम अस्मिता लाल ने किसानों से अपील की कि वे समय रहते अपनी फार्म रजिस्ट्री अवश्य कराएं।

# योगी पर टिप्पणी करने वाला संत नहीं : रवींद्र पुरी

## माघ मेला विवाद में अखाड़ा परिषद अध्यक्ष की एंट्री, कहा- अपनी मर्यादा नहीं भूलनी चाहिए

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज , शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और मेला प्रशासन के बीच चल रही तनातनी अब और गहराती नजर आ रही है। इस पूरे विवाद में अब अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी भी खुलकर मैदान में आ गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लेकर शंकराचार्य द्वारा दिए गए विवादित बयान पर रवींद्र पुरी ने कड़ा एतराज जताते हुए इसे संतों की मयार्दा के खिलाफ बताया है। माघ मेला क्षेत्र में आयोजित विहित के संत सम्मेलन में मौजूद साधु-संतों को संबोधित करते हुए अखाड़ा परिषद अध्यक्ष ने शंकराचार्य के ताजा वक्तव्यों पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने साफ कहा- किसी भी संत को मुख्यमंत्री जैसे संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के लिए इस तरह की भाषा का प्रयोग नहीं करना चाहिए।



### यह संतों की भाषा नहीं हो सकती

रवींद्र पुरी ने कहा- जो भाषा प्रयोग की जा रही है, वह संतों की भाषा नहीं हो सकती। जो इस तरह की बातें करता है, उससे हमें दूरी बनानी होगी। उन्होंने माघ मेला क्षेत्र में चल रहे विरोध और राजनीतिक गतिविधियों पर भी सवाल खड़े किए। उनका कहना था कि यह पुण्य भूमि, ऋषियों और संतों की भूमि है, लेकिन यहां इसे राजनीतिक अड्डे में तब्दील कर दिया गया है।

### मेला क्षेत्र राजनीति का केंद्र बना दिया गया

अखाड़ा परिषद अध्यक्ष ने कहा कि जब वे मेला क्षेत्र में आए तो उन्होंने देखा कि लगातार विरोध हो रहा है, गालियां दी जा रही हैं और राजनीतिक दलों के फोन आ रहे हैं। उन्होंने कहा, यहां सत्ता की बातें हो रही हैं, राजनीति की बातें हो रही हैं। अगर प्रशासन से गलती हुई है तो आप एफआईआर कराइए, शिकायत करिए, लेकिन राजनीतिक पार्टियों के समर्थन की जरूरत क्या है? उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अखाड़ा परिषद को भी कई बार विरोध और विवादों का सामना करना पड़ता है, लेकिन वे कभी किसी राजनीतिक पार्टी के पास समर्थन मांगने नहीं गए।

### शाही स्नान का उदाहरण देकर दी नसीहत

रवींद्र पुरी ने महाकुंभ और मौनी अमावस्या के शाही स्नान का उदाहरण देते हुए कहा कि जब करोड़ों श्रद्धालु स्नान के लिए पहुंचे थे, तब सभी 13 अखाड़ों ने एकमत से फैसला लिया कि पहले जनता स्नान करेगी, उसके बाद अखाड़े स्नान करेंगे। उन्होंने बताया, हमारा शाही स्नान सुबह 4 बजे था, लेकिन हमने दोपहर 3 बजे स्नान किया। न सिंहासन था, न पालकी। पैदल गए, पैदल लौटे। हमने कभी जनता से टकराव नहीं किया, क्योंकि जनता ही हमारी है।

### ईगो के लिए उठाया जा रहा है मुद्दा

अखाड़ा परिषद अध्यक्ष ने शंकराचार्य पर निशाना साधते हुए कहा कि बार-बार प्रशासन से गंगा स्नान के लिए ले जाने की मांग करना दुख की नहीं बल्कि अहंकार की बात प्रतीत होती है। उन्होंने कहा, अगर उन्हें वास्तव में पीड़ा होती, तो वे यह मांग करते कि जिन लोगों ने उनके शिष्यों की पिटाई की है, उन पर कार्रवाई हो। लेकिन उन्हें इससे मतलब नहीं है। संत समाज में बढ़ती दरार के संकेत इस बयान के बाद यह साफ हो गया है

कि शंकराचार्य और मेला प्रशासन के बीच चल रहा विवाद अब केवल

# 12वीं का छात्र है तो भी मुआवजा देने पर विचार

## हाईकोर्ट ने कहा- उसे अकुशल श्रमिक मानकर मुआवजा दिया जाएगा

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज ,इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि केवल इस आधार पर यह मान लेना सही नहीं है कि सड़क दुर्घटना में मृतक कक्षा बारहवीं का छात्र था और वह कोई आय अर्जित नहीं कर रहा था। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में मुआवजे की गणना मृतक को अकुशल श्रमिक मानकर की जानी चाहिए। जस्टिस संदीप जैन ने श्रीमती कश्मीरी व 3 अन्य की अपील पर फैसले में कहा- ह्ल केवल इस कारण कि मृतक कक्षा 12 वीं में पढ़ रहा था, यह अनुमान नहीं लगाया जा सकता कि वह कोई आय अर्जित नहीं कर रहा था। यह स्पष्ट है कि दावेदार मृतक की आय और व्यवसाय से संबंधित कोई दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सके, इसलिए ट्रिब्यूनल ने मृतक की काल्पनिक आय 15,000 प्रति वर्ष मानकर मुआवजे का निर्धारण किया, जो कि अत्यंत अपर्याप्त है। यह मामला 10 जून 2014 को हुई एक सड़क दुर्घटना से संबंधित है, जिसमें



मृतक की मृत्यु हो गई थी। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण/अपर जिला न्यायाधीश, बुलंदशहर द्वारा मृतक की माता, बहन और भाई को कुल ?2,60,000/- का मुआवजा 7% वार्षिक ब्याज सहित प्रदान किया गया था। इस आदेश के खिलाफ मुआवजा बढ़ाने के लिए हाईकोर्ट में अपील दायर की गई। अपील में यह तर्क दिया गया कि मृतक की आयु 22 वर्ष थी और वह एक मजदूर के रूप में कार्य कर रहा था तथा लगभग 9,000 प्रति माह कमा रहा था। यह भी कहा गया कि ट्रिब्यूनल द्वारा मृतक की काल्पनिक आय 15,000 प्रति वर्ष मानना पूरी तरह गलत और अत्यंत कम है। इसके अलावा, यह भी दलील दी गई कि गुणक 16 लागू किया गया, जबकि सही गुणक 18 होना चाहिए था। गुरप्रीत कौर व अन्य बनाम यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड और जितेंद्र बनाम सादिया व अन्य मामलों पर भरोसा करते हुए न्यायालय ने कहा कि मृतक की माता ने यह साक्ष्य प्रस्तुत किया था कि मृतक कक्षा 12वीं में पढ़ाई कर रहा था और साथ ही 9,000 प्रति माह कमा रहा था।

न्यायालय ने कहा कि केवल छात्र होने से यह सिद्ध नहीं होता कि मृतक काम नहीं कर रहा था।

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर निकली शोभा यात्रा

## डीजे और भगवा ध्वजों के बीच कासिमपुर बेहंदर में निकली रामभक्ति शोभा यात्रा

अमन लेखनी समाचार/अभिषेक सिंह

कासिमपुर। अयोध्या में श्रीराम मंदिर में बीते वर्ष हुई भव्य प्राण-प्रतिष्ठा की स्मृति में बृहस्पतिवार को कासिमपुरझ्रबेहंदर क्षेत्र में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। श्रद्धालु बाइक, पैदल और डीजे की भक्ति धुनों पर थिरकते हुए जय श्रीराम के जयघोष लगाते नजर आए। पूरे मार्ग पर वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया ।शोभा यात्रा कासिमपुर से प्रारंभ होकर माडर, सरेहरी होते हुए कासिमपुर बेहंदर पहुंची, जहां इसका विधिवत समापन किया गया। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। यात्रा के दौरान भगवा ध्वज, श्रीराम के जयकारे और भक्ति गीतों से क्षेत्र गुंजायमान रहा। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के प्रांत प्रमुख शेखर पांडेय, जिला संयोजक अजय, जिला प्रमुख मुनेंद्र, प्रखंड संयोजक विवेक प्रताप सिंह, प्रखंड



मंत्री कौशिक तिवारी, साप्ताहिक मिलन प्रमुख अमन द्विवेदी सहित संगठन के कई पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकर्ता व श्रद्धालु मौजूद रहे। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में धार्मिक एकता, संस्कृति और सनातन परंपराओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने का माध्यम हैं।

# सत्यकाम स्कूल को बंद कराने का आरोप

## बेटी ने पिता की गिरफ्तारी के बाद अवैध कब्जे का दावा किया; डीएम से शिकायत

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , लोहियानगर स्थित सत्यकाम इंटरनेशनल स्कूल को बंद कराने और उस पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगा है। स्कूल के सचिव अनुज शर्मा की बेटी ने यह शिकायत की है। उनका कहना है कि कुछ अराजक तत्व उनके पिता पर दबाव बनाकर स्कूल को बंद कराना चाहते हैं और संपत्ति हड़पना चाहते हैं। शिकायतकर्ता के अनुसार, उनके पिता अनुज शर्मा सत्यकाम एजुकेशन ट्रस्ट के सचिव हैं और कई वर्षों से स्कूल का संचालन कर रहे हैं। उन्होंने दयानंद शर्मा, अमित कुमार शर्मा, राहुल शर्मा, यश शर्मा (सभी दक्षिण अफ्रीका निवासी) और अमित के आगरा निवासी साले सहित 35 अज्ञात व्यक्तियों पर स्कूल पर कब्जा करने की कोशिश का आरोप लगाया है। स्कूल की प्रिंसिपल रश्नी मिश्रा ने भी पूर्व में लोहियानगर थाने में इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी शिकायत में कहा गया है कि इन लोगों ने कथित तौर



पर राजनीतिक दबाव का इस्तेमाल कर अनुज शर्मा के खिलाफ लोहियानगर थाने में मामला दर्ज कराया, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें 18 जनवरी को जेल भेज दिया। आरोप है कि इन व्यक्तियों ने आगरा में एक फर्जी डीड भी पंजीकृत करा ली, जबकि ट्रस्ट की न तो कोई संपत्ति आगरा में है और न ही उसका पंजीकृत कार्यालय। अनुज शर्मा को जब इस फर्जी डीड की जानकारी हुई, तो उन्होंने सिविल जज (सीनियर डिवीजन) आगरा के न्यायालय में एक सिविल में सत्यकाम एजुकेशन ट्रस्ट बनाम ग्रीस कुमार शर्मा आदि) वाद दायर किया था। न्यायालय ने 5 जनवरी को इस संबंध में आदेश जारी किया था, लेकिन आरोपी कथित तौर पर उस आदेश का पालन न करने की धमकी दे रहे हैं। शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपी स्कूल एसोसिएशन के पदाधिकारियों को भी झूठे मामलों में फंसाने की धमकी दे रहे हैं, जिससे स्कूल स्टाफ और बच्चों को अपनी जान का खतरा महसूस हो रहा है।

# 40 बीघा पर अवैध कॉलोनी का निर्माण

- मेडा की चुप्पी, जूनियर इंजीनियर पर मिलीभगत का आरोप



अमन लेखनी समाचार

मेरठ , फतेउल्लापुर रोड स्थित न्यू इस्लामनगर इलाके में 40 बीघा जमीन पर एक अवैध कॉलोनी का निर्माण किया जा रहा है। आरोप है कि मेरठ विकास प्राधिकरण (मेडा) की जानकारी के बावजूद इस पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। इस कॉलोनी को महताब मलिक द्वारा विकसित किया जा रहा है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, यह अवैध निर्माण मेडा के एक जूनियर इंजीनियर की कथित मिलीभगत से चल रहा है। बताया जा रहा है कि जहां छोटे निमार्णों पर तुरंत नोटिस जारी कर कार्रवाई की जाती है, वहीं इस बड़े पैमाने के अवैध निर्माण को अनदेखा किया जा रहा है। स्थानीय निवासियों ने इस संबंध में कई बार शिकायतें दर्ज कराई हैं और अधिकारियों को लिखित प्रार्थना पत्र भी दिए हैं। हालांकि, इन शिकायतों के बावजूद अब तक कोई निरीक्षण, एफआईआर या ध्वस्तीकरण की कार्रवाई नहीं की गई है। बिना नक्शा पास कराए इतनी बड़ी कॉलोनी का निर्माण अधिकारियों की मिलीभगत के बिना संभव नहीं माना जा रहा है। यह स्थिति मेडा के कामकाज और भ्रष्टाचार के आरोपों पर सवाल उठाती है। शहर में अक्सर छोटे दुकानदारों, ठेले वालों और झुग्गी-झोपड़ी वालों के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई की जाती है। ऐसे में 40 बीघा की अवैध कॉलोनी पर मेडा की चुप्पी से स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश है। उनका कहना है कि यह दशार्ता है कि कानून केवल कमजोरों के लिए है। निवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस मामले में उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि मेरठ में कानून का नहीं, बल्कि कथित तौर पर माफिया इंजीनियरों का राज चल रहा है, और मेडा केवल नाम का प्राधिकरण बनकर रह गया है। अब जनता मांग कर रही है कि अवैध कॉलोनी पर तुरंत बुलडोजर चले

# गाज़ियाबाद की केमिकल फैक्ट्री में आग लगी

## सात दमकल की गाड़िया मौके पर मौजूद, दूर से दिखाई दे रहीं लपटें

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद , साहिबाबाद थाना क्षेत्र के मोहनगर चौराहे के पास लोनी रोड पर मौजूद औद्योगिक क्षेत्र के हर्षा कंपाउंड में देर शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक केमिकल फैक्ट्री में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में पूरी फैक्ट्री इसकी चपेट में आ गई। फैक्ट्री से उठती लपटें और धुएं का गुबार दूर-दूर तक दिखाई देने लगा। बताया जा रहा है कि आग एएमएक्स मेडिकल सिस्टम नामक केमिकल फैक्ट्री में लगी। आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सात फायर टेंडर मौके पर भेजे। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी मौके



पर पहुंच गए। एहतियात के तौर पर आसपास के इलाके को खाली कराया गया, ताकि किसी तरह की अनहोनी न हो। राहत की बात यह है कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। 10 दमकल की गाड़िया मौके पर बुलाई गई। उसके बाद कई बार निगम के पंप से गाड़ियों को रिफिल कराया गया। फैक्ट्री की बाउंड्री वॉल तोड़ कर पानी की लाइन को अंदर ले जाया गया। फैक्ट्री में एक्सरे मशीन और दूसरी मेडिकल से संबंधित उपकरण बनाए जाते हैं। आग पर काबू पा लिया गया है। कोई जनहानि की सूचना नहीं है। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा रहा।

# एनवायरमेंट क्लब ने छात्रों को मांझा बहिष्कार पर किया जागरूक

## दो स्कूलों में जागरूकता सत्र, छात्रों को दिलाई शपथ

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , एनवायरमेंट क्लब द्वारा मांझा त्यागो अभियान के तहत 20 जनवरी को वर्धमान एकेडमी गंगानगर व मिलेनियम पब्लिक स्कूल बागपत रोड में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। छात्रों को मांझा (काईटिंग डोर) से होने वाली हानियों के बारे में बताया गया और इसके बहिष्कार के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम समन्वयक प्रियांशु ने बताया कि मांझा से हर वर्ष बड़ी संख्या में पक्षी घायल होते हैं और कई की मौत तक हो जाती है। उन्होंने कहा कि पतंग उड़ाने का शौक इंसानों और पक्षियों दोनों के लिए जानलेवा नहीं होना चाहिए।




प्रियांशु ने क्लब और वन विभाग मेरठ के संयुक्त प्रयासों से चल रहे मांझा त्यागो अभियान की जानकारी भी दी। साथ ही बताया कि यह इस वर्ष अभियान का पाँचवा चरण है जिसके तहत बड़े स्तर पर जागरूकता चलाई जा रही है। क्लब संस्थापक सावन कनौजिया ने कहा कि चाइनीज मांझा मौत का मांझा बन चुका है। यह साक्षात यमराज जैसा प्रतीत होता है क्योंकि इससे इंसानों व पक्षियों दोनों की जान पर खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने बताया कि हर वर्ष हजारों पक्षी मांझे की चपेट में आकर मारे जाते हैं। सावन ने कहा कि एनजीटी द्वारा वर्ष 2017 में लगाए गए बैन का असर तभी दिखेगा जब लोग खुद इसके इस्तेमाल और खरीद से इंकार करेंगे। कार्यक्रम में छात्रों से अपील की गई कि न तो चाइनीज मांझा इस्तेमाल करें और न किसी को करने दें। यदि कहीं बिक्री हो रही हो तो पुलिस को सूचित करने की भी सलाह दी गई। दोपहिया वाहन चालकों को गले में मफलर या स्कार्फ पहनने के लिए प्रेरित किया गया ताकि दुर्घटना से बचाव हो सके। अंत में छात्रों को मांझा बहिष्कार की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में वर्धमान एकेडमी की प्रधानाचार्या रेखा शर्मा सहित सीमा, रजत शर्मा, पूजा शर्मा तथा मिलेनियम स्कूल से अनिता नागर व पूजा गोयल मौजूद रहीं।

# शराब विवाद में युवक की पीट-पीटकर हत्या

## दो दिन बाद अस्पताल में मौत, तीन नामजद आरोपियों पर केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर , ग्रेटर नोएडा के बीटा-2 थाना क्षेत्र में शराब पीने के दौरान हुए विवाद में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने मृतक की पत्नी की शिकायत पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में मृतक की पत्नी संध्या ने बताया कि उनके पति क्षेत्रपाल 18 जनवरी की रात करीब 9:30 बजे अपने साथियों शिव, जितेंद्र, अभिषेक और रोहित के साथ सुनील भाटी के मकान में कमरा नंबर 61 व 62 के पास शराब पी रहे थे। इसी दौरान किसी बात पर विवाद शुरू हुआ, जो जल्द ही मारपीट में बदल गया आरोप है कि रोहित, जितेंद्र और अभिषेक ने मिलकर क्षेत्रपाल के साथ बेरहमी से मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें तत्काल जिम्स अस्पताल ले गए, जहां से गंभीर हालत के चलते उन्हें यथार्थ अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# नोएडा में इंजीनियर की कार गड्ढे से निकाली गई

## पुलिस ने बिल्डर को गिरफ्तार किया, 16 जनवरी को इंजीनियर की डूबने से मौत हुई थी

अमन लेखनी समाचार

नोएडा , सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की मौत के चौथे दिन उसकी कार को गड्ढे से निकाल लिया गया। शाम 6:40 बजे क्रेन की मदद से कार को बाहर निकाला गया। एनडीआरएफ के 30 कर्मचारियों की टीम ने कार निकालने के लिए करीब साढ़े छह घंटे मशक्कत की। सुबह 11 बजे एनडीआरएफ की टीम सेक्टर-150 (घटनास्थल पर) पहुंची। वहां स्टीमर बोट से 12 लोगों की 2 टीमें पानी के अंदर गईं। करीब एक घंटे तक मौका-मुआयना किया। लेकिन, गाड़ी का पता नहीं चला। इसके बाद एनडीआरएफ की टीम ने सोनार साउंड और नेवीगेशन मशीन की मदद से बेसमेंट की गहराई का पता लगाया। इसी की मदद से कार को डिटेक्ट किया। फिर हाइड्रोलिक क्रेन की मदद से कार को बाहर निकाल लिया गया। अब कार की फोरेंसिक जांच कराई जाएगी। वहीं, इस मामले में नामजद बिल्डर अभय कुमार को नॉलेज पार्क इलाके से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी इंजीनियर की मौत होने


युवराज मेहता, मृतक

पर नाराजगी जताई। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि जवाबदेही न होने के कारण इंजीनियर की जान गई है। एसआईटी ने शुरू की जांच, पिता से बात क इस मामले की जांच के लिए एसआईटी के अफसर नोएडा पहुंचे। दोपहर में करीब 12 बजे जांच अधिकारी नोएडा प्राधिकरण के दफ्तर पहुंचे। 12:30 बजे मीटिंग शुरू हुई। बैठक में प्राधिकरण के सभी वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने पुलों का निरीक्षण किया

## सड़क सुरक्षा उपायों को बेहतर बनाने के निर्देश दिए

अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने शहर में सड़क सुरक्षा उपायों को बेहतर बनाने के लिए अभियान चलाया है। इसी कड़ी में प्राधिकरण के एसीईओ सुनील कुमार सिंह और प्रेरणा सिंह ने नालों पर बने पुलों का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा रेलिंग को मजबूत करने, रिफ्लेक्टर और कैट्स आई लगाने के निर्देश दिए। यह अभियान ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निदेर्शों पर शुरू किया गया है, जिसका उद्देश्य सड़कों पर आवागमन को अधिक सुरक्षित बनाना है। प्राधिकरण की टीम सोमवार से इस कार्य में जुटी हुई है।



एसीईओ ने सेक्टर गामा वन और पी-3 के पास बनी पुलिया पर विशेष रूप से सड़क सुरक्षा उपायों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान, एसीईओ ने सेक्टर पाई वन में एक बिल्डर प्रोजेक्ट का भी दौरा किया और सुरक्षा उपायों की समीक्षा की। उन्होंने बिल्डर को अधिक बैरिकेडिंग लगाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, सेक्टर स्वर्णनगरी में सड़क किनारे नालियों पर टूटे स्लैब को तुरंत ठीक करने के लिए भी कहा गया।

अधिकारियों ने सेक्टर पी-1 स्थित सिटी सेंटर और शगुन मार्ट का भी निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

## संक्षेप

### पॉक्सो एक्ट: दोषी विकास सिंह उर्फ बिक्की सिंह को 20 वर्ष की कठोर कैद

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। करीब 3 वर्ष पूर्व 17 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अमित वीर सिंह की अदालत ने बुधवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर पॉक्सो एक्ट में दोषी विकास सिंह उर्फ विक्की सिंह को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। उसके ऊपर एक लाख रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर 2 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अर्थदंड की धनराशि में से 80 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र निवासी पीड़िता ने 25 दिसंबर 2022 को पिपरी थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसकी मित्रता फेसबुक के जरिए विकास सिंह उर्फ विक्की सिंह पुत्र स्वर्गीय सुरेंद्र सिंह निवासी नेवादा कला, थाना अंतु, जिला प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश से हो गई। उसके बाद उसे बहला फुसलाकर गुजरात भगा ले गया, जहां फर्जी आधारकार्ड बनवाकर शादी कर लिया, जबकि उस समय उसकी उम्र 17 वर्ष थी। उसके बाद उससे यौन संबंध भी बनाने लगा। इस दौरान उसने चोरी से वीडियो क्लिप भी बना लिया और उसे ब्लैकमेल कर बाहर घुमाने ले जाने लगा और गैर लोगों से सम्बंध बनाने का दबाव भी बनाया। किसी तरह अपनी मां को सारी जानकारी दी। उसकी माँ ने गुजरात पुलिस को सूचना दी तब उसकी गिरफ्तारी हुई। पुलिस ने उसे हिदायत दी कि लड़की को उसके घर छोड़कर आओ, जिसपर वह नशे की हालत में उसे उसके घर के पास रात में छोड़कर भाग गया।

### गरीब असहाय बंदियों के लिए वरदान साबित हो रहा लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम: शैलेंद्र यादव

सोनभद्र। गरीब असहाय बंदियों के लिए वरदान साबित हो रहा है जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत संचालित लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम। उक्त बातें अपर जनपद न्यायाधीश/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र शैलेंद्र यादव ने बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति में कही है। सचिव ने कहा कि अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष सत्र न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट सोनभद्र आबिद शमीम की अदालत में वर्ष 2023 के हत्या के प्रयास मामले में जो दुद्धी कोतवाली क्षेत्र की घटना थी के प्रकरण में गरीब असहाय का लंबे समय से जेल में निरुद्ध बंदी अजीत पटेल पुत्र संतोष पटेल निवासी ग्राम बीड़र, थाना दुद्धी, जिला सोनभद्र के मामले में उसका कोई पैरोकार न होने पर अदालत ने प्राधिकरण को पत्र भेजकर बंदी को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान कराने के लिए कहा था। जिसे संज्ञान लेकर सत्यारमण त्रिपाठी डिप्टी चीफ एलएडीसी काउंसिल को गरीब असहाय बंदी अजीत पटेल के मुकदमें की पैरवी के लिए नियुक्त किया गया। जिसका नतीजा रहा कि काउंसिल द्वारा मुकदमें की प्रभावी पैरवी कर त्वरित विचारण कराया गया और अदालत ने अभियुक्त अजीत पटेल के विरुद्ध लगाए गए आरोप से साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त करार दिया।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिशन के पत्रकारों ने शोक सभा आयोजित करके दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी

**अमन लेखनी समाचार**

ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के लखनऊ मंडल अध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार अखिलेश सिंह के निधन पर पत्रकारों ने किया शोक सभा का आयोजन

हरदोई। वरिष्ठ पत्रकार अखिलेश सिंह के निधन पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन द्वारा शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में उपस्थित पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान शिवप्रकाश त्रिवेदी ने कहा कि अखिलेश सिंह एक निर्भीक, निष्पक्ष और जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाने वाले वरिष्ठ पत्रकार थे। हिंदी दैनिक मरियम टाइम्स /मासिक पत्रिका के संपादक कलीम उल्ला फारूकी ने दिवंगत पत्रकार अखिलेश सिंह को सज्जन ,विनम्र एवं शालीन व्यक्तित्व का धनी बताते हुए कहा कि उन्होंने अपने लंबे पत्रकारिता जीवन में सदैव सच्चाई और जनहित को प्राथमिकता दी। श्री फारूकी ने कहा की अखिलेश सिंह जी का निधन पत्रकार जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। हरदोई ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह बबलू ने स्वर्गीय अखिलेश सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि अखिलेश सिंह का सरल स्वभाव और सहयोगी भावना हमेशा स्मरणीय रहेगी। उक्त अवसर पर वरिष्ठ पत्रकारों जिनमें रंजीत सिंह ,आशीष सिंह, हर्ष राज सिंह राहुल,विराट सिंह,मोहम्मद फैजी खान, हरि श्याम बाजपेई, सौरभ त्रिपाठी,गीतेश सिंह, आनंद अवस्थी ने भी दिवंगत पत्रकार अखिलेश सिंह के निधन पर दुख प्रकट करते हुए उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

अंत में शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए इस दुःख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने की कामना की गई।

शाहाबाद।ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन शाहाबाद द्वारा एक शोकसभा का आयोजन वरिष्ठ पत्रकार सैय्यद रईस अली के मो० गिगीयानी स्थित एक स्कूल में किया गया।अभी चंद दिनों पूर्व ही वरिष्ठ पत्रकार व ग्रा०प०ए० के लखनऊ मंडल अध्यक्ष अखिलेश सिंह,वरिष्ठ पत्रकार प्रियंक दीक्षित और वरिष्ठ पत्रकार अभिनव द्विवेदी की माता जी का आकस्मिक निधन हो गया है असमय मृत्यु को प्राप्त तीनों दिवंगत आत्माओं को उपस्थित पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।शोक व्यक्त करते हुए वरिष्ठ पत्रकार कमलेश मिश्रा ने कहा कि अखिलेश सिंह एक निर्भीक,निष्पक्ष और जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाने वाले वरिष्ठ पत्रकार थे।संगठन के महामंत्री वरिष्ठ पत्रकार आलोक पाठक ने अपने संगठन के मंडल अध्यक्ष दिवंगत पत्रकार अखिलेश सिंह को सज्जन,विनम्र एवं शालीन व्यक्तित्व का धनी बताते हुए अपने पत्रकार एसोसिएशन की अपूर्णीय क्षति बताया।उन्होंने मिलनसार व्यक्तित्व वाले प्रियंक दीक्षित और वरिष्ठ पत्रकार अभिनव द्विवेदी की माता जी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए इसे पत्रकार परिवार का गहरा दुख बताया।अंत में उपस्थित पत्रकारों में दिनेश प्रसाद मिश्रा, कमलेश मिश्रा, आलोक पाठक, सैय्यद रईस अली, अशरफ अली, प्रभाकर त्रिपाठी, अतुल मिश्रा, राम किशोर राठौर, दिनेश कुमार मिश्रा, अखिलेश बाथम, महेंद्र गुप्त, कमलेश त्रिवेदी, इजहार खा, रोहित गुप्ता, आशीष अवस्थी, अनिल शर्मा, गुड्डू वर्मा, कमलेश कुमार दो मिनट का मौन धारण करके शोक संतृप्त परिवारों को सहनशक्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए इस दौरान कछौना संडीला सवाजपुर शाहाबाद पाली पिहानी हरियाणा बिलग्राम माधवगंज मल्लावां टड़ियावा समेत पूरे जनपद में शोक संवेदना व्यक्त की गई।

## प्रगति विचारधारा फाउंडेशन द्वारा वृद्ध आश्रम में फल, सब्जी व राशन वितरण




**फाउंडेशन की सदस्य दिव्या शुक्ला द्वारा कार्यक्रम हुआ आयोजित**

**अमन लेखनी समाचार**

गुरसराय। गुरसराय स्थित वृद्ध आश्रम में रहने वाले बुजुर्गों के लिए गुरुवार को प्रगति विचारधारा फाउंडेशन की ओर से सेवा कार्य का आयोजन किया गया। फाउंडेशन की सक्रिय सदस्य दिव्या शुक्ला के सहयोग से टीम सदस्य अपूर्वा सिंह एवं संदीप श्रीवास्तव द्वारा आश्रम में निवासरत बुजुर्गों को फल, सब्जी, राशन सहित अन्य आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन टीम के सदस्यों ने बुजुर्गों से संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। सेवा कार्य के दौरान बुजुर्गों के चेहरों पर खुशी और संतोष साफ झलकता नजर आया। कार्यक्रम में सोम मिश्रा, विशाल जैन, जितेंद्र व्यास सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। फाउंडेशन की ओर से बताया गया कि शुभ अवसरों पर इस प्रकार के सेवा कार्य निरंतर किए जाते हैं, ताकि जरूरतमंद लोगों की सहायता कर समाज में मानवीय मूल्यों को मजबूत किया जा सके। कार्यक्रम का संचालन सोम मिश्रा ने किया।

# हिन्दू सम्मेल व कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**

मल्लावां (हरदोई) राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में जूनियर हाई स्कूल मैदान में विराट हिंदू सम्मेलन के साथ कवि सम्मेलन का भी सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें कई वक्ताओं एवं कवियों ने हिंदू एकता एवं सनातन धर्म पर अपने विचार व्यक्त कर लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं वाणी वंदना के साथ किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूर्वी उत्तर प्रदेश के सह क्षेत्रीय प्रचारक प्रमुख मनोज कांत ने कहा कि आज के 100 वर्ष पूर्व डॉ केशवराव हेडगेवार ने समस्त हिंदू समाज को संगठित और सशक्त बनाने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विश्व का सबसे बड़ा संगठन है जो कि हर प्रकार से हिंदुओं की रक्षा और उनको सशक्त बनाने के लिए कार्य करता आ रहा है। उन्होंने कहा कि बिखरा हुआ समझ कुछ नहीं कर सकता हमारे पूर्वज सभी हिंदू थे जो की समस्त विश्व के कल्याण की कामना करते थे भारत हिंदू राष्ट्र था है और आगे भी रहेगा जो हिंदू अपने हिंदुत्व से भटक गए हैं उन्हें फिर से जगा कर वापस अपने अस्तित्व को पहचानना होगा। संघ की स्थापना हिंदू राष्ट्र के लिए हुई है इसलिए हिंदू राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए संघ का हर स्वयंसेवक सदैव प्रयत्नशील रहता है। अयोध्या से पधारे वैदेही धाम पीठाधीश्वर महंत राजीव लोचन दास जी ने कहा कि हम सभी सनातनी एक पिता की संतान हैं और सभी के गोत्र का प्रारंभ कश्यप ऋषि के गोत्र से ही हुआ है भारतीय दर्शन और गोत्र प्रणाली में सभी का डीएनए एक ही है। जो कि यह सिद्ध करता है कि हम सब अपनी-अपनी जातियों से उठकर सबसे पहले सनातनी हिंदू हैं यह अटल सत्य है। हिंदू धर्म में नर और नारी दोनों को ही एक समान माना गया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की जिला कार्यवाहिका रश्मि वर्मा ने कहा कि आज हम विभिन्न जातियों में बटे हुए हैं जबकि देश को आजाद करने वाले क्रांतिकारियों ने कभी एक जाति के लिए बलिदान नहीं किया बल्कि पूरे हिंदू राष्ट्र के लिए अपनी कुर्बानियां दी हैं अब आवश्यकता है कि अपनी जातियों के छोटे-छोटे सम्मेलन ना करके इसी प्रकार से विराट हिंदू सम्मेलन करें और सभी सनातनी हिंदू एक साथ खड़े होकर हिंदू राष्ट्र की स्थापना करें।राष्ट्रीय सेविका मंजुला उपाध्याय ने परिवारों को सुसंस्कारित बनाने पर जोर देते हुए कहा कि घर की महिलाओं को अपने बच्चों में अच्छे संस्कार डालने के लिए हर समय प्रयास करते रहना चाहिए क्योंकि बच्चे ही देश कर्णधार हैं। सीतापुर से आए कवि रोहित विश्वकर्मा ने अपनी पंक्तियां प्रस्तुत करते हुए कहा कि ₹रहते जंगल में भक्तों घर कभी मीठे वो शबरी के यहां खाने को फिर से बेर मेरे राम आएंगे। हरदोई के कवि राजकुमार सिंह सुमन सिंह प्रखर में कहां की माटी कुटुंब पानी अमृत पवन जहां है प्राण है ऐसा देश हमारा जिसके कान-कान में भगवान है। इसी क्रम में कवि अनिल अनिकेत मैं अपनी कविता उच्चारण के मंत्र से बिगड़े बनते काम हाथ उठाकर बोलिए जय जय श्री राम सुन कर तालियां बटोरी। कार्यक्रम की अध्यक्षता नरेश वाल्मीकि ने तथा मंच का संचालन मनोज अग्निहोत्री ने किया। कार्यक्रम के आयोजक राष्ट्रीय स्वंय संघ के संतोष शुक्ला, अनुज राजपूत, गोविन्द शुक्ला, प्रभात कुमार, भाजपा नेता अभय शंकर शुक्ला, अशोक सिंह, समाजसेवी विशाल जायसवाल , रागिनी जायसवाल, राजेश पटेल, विनीत वर्मा, कमलेश द्विवेदी, संतोष शुक्ला, गोविंद शुक्ला अतुल शुक्ला आचार्य जितेंद्र कृष्ण मिश्र सहित सैकड़ो की संख्या में स्वयंसेवक एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन पर अनुज राजपूत ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## निर्माण कंपनी की अनदेखी से सड़के हुई जर्जर

**अमन लेखनी समाचार**

हरदोई। जनपद के अन्तर्गत सरकार की महत्वपूर्ण योजना यूपीआरआरडीए के तहत सड़कों का कार्य कराया गया था। जिनको सड़क निमार्ण कम्पनी की अनदेखी ने जर्जर हालत में पहंचा दिया है। जिससे जनता को सरकार की इस योजना का लाभ नही मिल पा रहा है। बतातें चलें कि उत्तर प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण (यूपीआरआरडीए) ने 11 जनवरी 2022 को राज्य के कई जिलों में सड़कों के निर्माण के लिए टेंडर जारी किए। इसके बाद, 22 अप्रैल 2022 को एलएसआर इन्फ्राकांन प्रा0 लिमिटेड नामक कंपनी का टेंडर स्वीकार किया गया और कंपनी को यूपीएफडीआर-12, यूपीएफडीआर -25, यूपीएफडीआर -27, और यूपीएफडीआर -28 पैकेजों के तहत कई सड़क निर्माण के ठेके दिए गए। ये सड़कें संत कबीर नगर, हरदोई और लखीमपुर जिलों में बननी थीं। जिसमें हरदोई (यूपीएफडीआर-25) के तहत 1. हथौडा रोड से टिकारी रोड 5.60 किमी, 3.75 मीटर चैड़ाई, 2. पाली से सराय राघव रोड 7.60 किमी, 3.75 मीटर चैड़ाई, 3.हरदोई पिहानी रोड से सधिनावां 5.00 किमी, 5.50 मीटर चैड़ाई व हरदोई (यूपीएफडीआर -27) के तहत 1. गोपामऊ रोड से शिवरी 6.80 किमी, 3.75 मीटर चैड़ाई, 2. सांडी बघौली से सुरसा 5.70 किमी, 3.75 मीटर चैड़ाई, 3. शाहाबाद सांडी रोड से जसरथपुर 5.00 किमी, 3.75 मीटर चैड़ाई 4. धियर मोहोलिया से मुरलीगंज 5.25 किमी 3.75 मीटर चैड़ाई, 5. टडियावां से दधनामऊ 15.60 किमी, 5.50 मीटर चैड़ाई शामिल थी। ये परियोजनाएं लगभग 136 करोड़ की थीं, जिसमें सड़कों का रखरखाव 5 वर्ष के लिये भी शामिल था। इन्हें एक साल के अंदर पूरा करना था, लेकिन काम समय से ज्यादा लंबा चला जोकि 2023 में समाप्त हुआ। निर्माण पूरा होने के बाद, एलएसआर इन्फ्राकांन प्रा0 लिमिटेड को इन सड़कों का पाँच साल तक रखरखाव करना था। कंपनी ने यह सुनिश्चित करने के लिए बैंक गारंटी दी थी। अगर कंपनी रखरखाव का काम नहीं करती, तो विभाग इन गारंटियों को जप्त और एन्कैश कर सकता था, ताकि सड़कों की देखभाल किसी और से करवाई जा सके। शुरूआत में, कंपनी ने सड़कों का रखरखाव किया। लेकिन अक्टूबर 2025 के बाद पूरी तरह लापरवाही दिखाते हुए कंपनी ने सड़कों की देखभाल करना बंद कर दिया। इसके बाद कोई मरम्मत, पैचवर्क या जरूरी रखरखाव नहीं किया गया। इसलिये इन सड़कों की हालत लगातार बिगड़ती जा रही है और गहरे गड्ढे, टूटी सतह और असमान रास्ते बनते जा रहे हैं, जिससे सड़क पर चलना कठिन और खतरनाक हो गया है। आम जनमानस को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है और दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। इस टेंडर अनुबंध की धारा 43.4 में कहा गया है कि अगर ठेकेदार सड़कों का रखरखाव नहीं करता, तो विभाग किसी और एजेंसी से रखरखाव करवा सकता है। इसका खर्च ठेकेदार की बैंक गारंटी या बाकी राशि से वसूला जा सकता है, साथ ही 20 प्रतिशत जुमार्ना भी लगाया जा सकता है। ठेकेदार को अपनी लागत पर रखरखाव करना अनिवार्य था, जो कि उनके द्वारा नहीं किया जा रहा है। फिर भी सम्बघिंत विभाग ने कोई कार्रवाही नहीं की। इसके कारण सड़कों की हालत खराब हुई और जनता को परेशानी हो रही है। विभाग की इस निष्क्रियता से सार्वजनिक धन का नुकसान और सड़क बुनियादी ढांचे को नुकसान हुआ। अब देखना है कि जिम्मेदार इस घोटाले पर क्या कार्यवाही करतें हैं या इसे भी ठन्डे बस्ते में डाल देते है।

# हरदोई में एसपी कार्यालय गेट पर महिला ने पेट्रोल छिड़ककर किया आत्मदाह का प्रयास,

**अमन लेखनी समाचार**

हरदोई। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के मुख्य गेट पर गुरूवार को उस समय अफरातफरी मच गई, जब एक बुजुर्ग महिला ने अपने ऊपर पेट्रोल छिड़ककर आत्महत्या करने का प्रयास किया। हैरान करने वाली बात यह रही कि यह घटना ठीक उसी समय हुई, जब लखनऊ जोन के आईजी पुलिस लाइन हरदोई में निरीक्षण कर रहे थे। इस घटनाक्रम ने न सिर्फ पुलिस सुरक्षा व्यवस्था, बल्कि स्थानीय अभिसूचना इकाई (एलआईयू) की कार्यशैली पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना को देखकर आसपास मौजूद लोगों और पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया। गेट ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए महिला के हाथ से पेट्रोल से भरी बोतल छीन ली और उसे सुरक्षित किया।



इसके बाद महिला को समझा-बुझाकर शांत कराया गया और आत्मदाह का प्रयास करने के कारण पूछे गए। करीब 20 मिनट तक चले इस पूरे घटनाक्रम के दौरान स्थानीय अभिसूचना इकाई का कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। आईजी के निरीक्षण के दौरान हुई इस चूक को लेकर पुलिस महकमे में भी चर्चाएं तेज रही। लोगों का कहना है कि इतने संवेदनशील समय और स्थान पर एलआईयू की अनुपस्थिति इंटेलीजेंस फेलियर को दशार्ती है, हालांकि इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। आत्मदाह का प्रयास करने वाली महिला की पहचान मीरा शर्मा निवासी फूल बेहटा, थाना कोतवाली देहात के रूप में हुई है। पीड़िता का आरोप है कि जिस भूमि पर उसका लगभग 50 वर्षों से कब्जा था, उस पर रमेश शर्मा ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। कई बार शिकायत करने के बावजूद कार्रवाई न होने से आहत होकर उसने यह कदम उठाने की कोशिश की। फिलहाल पुलिस ने महिला को सुरक्षित करते हुए पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। आईजी निरीक्षण के दौरान हुई इस घटना ने पुलिस और इंटेलीजेंस व्यवस्था की पोल खोल दी है। इतना ही नहीं आपको बताते चले कुछ महीने पूर्व एक घटना शाहाबाद थाना क्षेत्र में हुई थी उस घटना में हजारों लोग दिन भर में जमा हो गए थाने का घिराव किया और एल आई यू इंस्पेक्टर को कानों कान खबर नहीं चली आखिरकार जिला अधिकारी पूर्व में रहे कप्तान नीरज जादौन मौके पर पहुंचे और जनता से अपनी गलती माफी मांगी क्षमा याचना की उसकी बाद मामला सुलटा इतना सब होने के बाद एल आई यू इंस्पेक्टर के कार्य में कोई सुधार नहीं हो रहा है आज फिर एक बड़ी घटना होते-होते बच गई वह भी पुलिस ऑफिस में।

## दिव्यांगता लक्षणों की पहचान हेतु ब्लॉक संसाधन केंद्र में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**खंड शिक्षाधिकारी के निर्देशन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ**

**अमन लेखनी समाचार**



अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड ब्लॉक संसाधन केंद्र अंतर्गत समेकित शिक्षा के तहत को -लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यरत कार्यकत्रियों को प्रशिक्षित करने हेतु तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ समूचे विकास खंड में शिक्षा की नवीन लाख जागृत कर रहे खंड शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार पाल के निर्देशन पर किया गया कार्यक्रम अंतर्गत पहुंचे स्पेशल एजुकेटर राजकुमार अजीत कुमार पूनम वर्मा सौरभ उमराव आदि ने नौनिहालों में दिव्यांग लक्षणों को देखते हुए उनकी पहचान करने की प्रक्रिया आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को समझाई इसके साथ-साथ नन्हे बच्चों में दृष्टि एवं श्रवण शक्ति की बाधाओ के बारे में भी विशेष चर्चा की गई प्रशिक्षण के दौरान मौजूदा प्रशिक्षण दाताओं के साथ विकासखंड क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रभा पाण्डेय लता त्रिवेदी रूबी देवी रेखा देवी विजयलक्ष्मी सरला देवी गीता तिवारी कांती देवी निशा देवी विष्णुकांती माया देवी तथा किरन अग्निहोत्री समेत भारी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने प्रतिभाग किया वहीं सभी महिलाओं को प्रशिक्षण दाताओं द्वारा प्रेरक प्रशिक्षण दिया गया

## एसएसपी से शिकायत के बाद जांच सीओ कैंट को सौंपी, पुलिस भूमिका पर उठे गंभीर सवाल

**अमन लेखनी समाचार**

गोरखपुर। थाना खोराबार क्षेत्र के जंगल सिकरी निवासी राजेंद्र यादव के साथ कथित पुलिस उत्पीड़न, अवैध हिरासत और दबाव का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि एडीजी जोन और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) के संज्ञान में मामला आने के बाद ही राजेंद्र यादव को छोड़ा गया, अन्यथा स्थिति और भी गंभीर हो सकती थी। इस प्रकरण को लेकर पुलिस की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। राजेंद्र यादव और उनके परिजनों का आरोप है कि जमीन विवाद को लेकर हौसला सिंह के कथित दबाव में पुलिस ने उन्हें लगभग तीन दिनों तक छुपाकर रखा। इस दौरान न तो किसी थाने में विधिवत गिरफ्तारी दर्शाई गई और न ही परिजनों को कोई सूचना दी गई। परिवारजन लगातार अलग-अलग थानों और चौकियों में भटकते रहे, लेकिन हर जगह यही जवाब मिला कि राजेंद्र यादव पुलिस हिरासत में नहीं हैं। पीड़ित पक्ष का कहना है कि यदि समय रहते मामला एडीजी जोन और एसएसपी तक नहीं पहुंचता, तो संभव है कि आज भी राजेंद्र यादव पुलिस की हिरासत में होते और उनके परिजन उन्हें तलाशते ही रह जाते। इसी क्रम में बुधवार को राजेंद्र यादव ने एसएसपी गोरखपुर से मुलाकात कर पुलिस द्वारा कथित उत्पीड़न, अवैध हिरासत और मानसिक प्रताड़ना की लिखित शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए पूरे प्रकरण की जांच क्षेत्राधिकारी कैंट (सीओ कैंट) को सौंप दी। हालांकि जांच सीओ कैंट को सौंपे जाने के बाद भी पीड़ित पक्ष ने निष्पक्षता को लेकर आशंका जताई है। राजेंद्र यादव का आरोप है कि जिन हौसला सिंह पर पूरे मामले में दबाव बनाने और धमकी देने के आरोप हैं, वे लगातार सीओ कैंट कार्यालय में देखे जाते हैं, जिससे जांच की निष्पक्षता प्रभावित हो सकती है। इस संबंध में जब सीओ कैंट से टेलीफोन पर वार्ता कर उनका पक्ष जाना गया तो उन्होंने आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा, हमारा कार्यालय एक सरकारी कार्यालय है, यहां किसी के आने-जाने पर कोई प्रतिबंध नहीं है। पिछले तीन वर्षों में हौसला सिंह हमारे कार्यालय में केवल तीन बार आए हैं।

# क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा का शिकार हुआ बंथरा चंदीपुर मार्ग

**अमन लेखनी समाचार**

जहानाबाद/फतेहपुर। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के चलते बंथरा से चंदीपुर संपर्क मार्ग में करीब एक किलोमीटर मार्ग आरईएस विभाग में होने से जर्जर मार्ग का मरम्मतीकरण का कार्य नहीं हो पा रहा है जिससे आधा दर्जन गांवों के लोगों को आवागमन करने में बेहद कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।विकास खंड अमौली क्षेत्र के गांव बंथरा से चंदीपुर वाया सैंठी मार्ग का निर्माण तत्कालीन शिक्षक विधायक लवकुश कुमार मिश्र द्वारा आरईएस विभाग से कराया गया था।किन्तु उक्त मार्ग लोक निर्माण विभाग में न होने के कारण समय समय पर होने वाले मरमतीकरण



न होने के कारण वो जीर्ण-शीर्ण अवस्था में तब्दील हो गया था। तत्कालीन क्षेत्रीय विधायक मदन गोपाल वर्मा ने निरखी चौराहा से गांव बंथरा के समीप चंदीबाबा बंबा तक लोक निर्माण विभाग में शामिल करा दिया था। किंतु किसी कारणवश चंदी बाबा बंबा से बंथरा गांव तक करीब एक किलोमीटर मार्ग लोक निर्माण विभाग में हस्तांतरित नहीं हो सका था, जिससे आज तक छूटे एक किलोमीटर मार्ग पर मरम्मतीकरण का कार्य न होने से मार्ग की गिट्टियां उखड़कर कर मार्ग के किनारे इकट्ठा हो जाने से मार्ग गड्ढों में तब्दील हो गया है।जिससे मार्ग से वाहन का निकलना तो दूर की बात है लोगों को पैदल निकलना दुश्वार हो गया है। जबकि उक्त मार्ग को छोड़ कर बाकी मार्ग का लोक निर्माण विभाग द्वारा समय समय पर मरम्मतीकारण का कार्य कर दिया गया जाता है। जबकि इस मार्ग से बंथरा सहित चंदीपुर सैंठी निरखी अलियापुर बम्बुरिहापुर हजरतपुर अमौली कोरियां बरीपाल के लिए लोगों का रात दिन आवागमन होने से जर्जर व गड्ढो में तब्दील मार्ग के होने से निकलना दूभर हो गया है। पूर्व शिक्षक विधायक लवकुश कुमार मिश्रा ने बताया कि एक किलोमीटर मार्ग ग्रामीण अभियंत्रण विभाग में होने के कारण छोटे मार्ग का मरम्मतीकरणकर नहीं हो पा रहा है जिससे 1 किलोमीटर का मार्ग का नामोनिशान मिट रहा है। उन्होंने जन प्रतिनिधियो से छूटे मार्ग को लोक निर्माण विभाग में हस्तांतरित कराने की मांग की है। लोक निर्माण विभाग दो के अवर अभियंता डीके आर्या का कहना है कि जनप्रतिनिधियों द्वारा आरईएस विभाग से लोक निर्माण विभाग में छूटे मार्ग को हस्तांतरित कर दिया जाए ?,तो समय-समय पर विभाग द्वारा मरम्तीकरण कार्य होता रहेगा।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**

**फिल्म इवेंट**

## हॉलीवुड

### 85 साल के अल पीचनो 53 साल छोटी नूर संग आए नजर, चर्चाओं का बाजार गर्म

दिग्गज एक्टर अल पचीनो और उनकी एक्स गर्लफ्रेंड नूर अल्फल्लाह को एक बार फिर साथ देखा गया है। दोनों साथ में डिनर करते हुए स्पॉट हुए हैं। इसके बाद



से ही उनके रिश्ते की मौजूदा स्थिति के बारे में अटकलें लगने लगी हैं। 32 साल की नूर अल्फल्लाह दिग्गज एक्टर के बेटे की मां भी हैं। साल 2023 में नूर ने बेटे रोमन को जन्म दिया। लेकिन फिर दोनों की राहें अलग हो गईं।

रिपोर्ट के मुताबिक, इस एक्स-कपल को बीते शुक्रवार की शाम वेस्ट हॉलीवुड के एक प्राइवेट मेंबर्स-ओनली क्लब, 'सैन विसेंट बंगलोज' के बाहर स्पॉट किया गया। यह दोनों की दो साल बाद पहली सार्वजनिक मुलाकात थी। इससे पहले रिश्ता टूटने के बाद दोनों ने आखिरी बार एक-दूसर को 'दोस्त' और बेटे रोमन का 'को-पैरेंट' बताया था।

हालांकि, तमाम चर्चाओं के बीच ना तो एक्टर अल पचीनो और ना ही प्रोड्यूसर नूर अल्फल्लाह की ओर से इस मुलाकात पर कोई टिप्पणी आई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि जब दोनों की टीम से इस बाबत सवाल किया गया तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

बहरहाल, नूर अल्फल्लाह को एक काली ड्रेस के ऊपर एक डार्क ओवरकोट पहने देखा गया। जबकि 'द गॉडफादर' और 'सेंट ऑफ अ वुमन' एक्टर अल पचीनो एक डार्क ट्रेंच कोट, काली पैंट और स्नीकर्स में दिखे। जब वे दोनों क्लब से बाहर आए तो दोनों के चेहरे पर गंभीर भाव थे। दोनों एकसाथ चल रहे थे, लेकिन पपाराजी के कैमरों ने दोनों को बातचीत करते नहीं देखा।

## टॉलीवुड

### 'पुष्पा 2' हुई जापान में रिलीज, रश्मिका को फैंस से मिले ढेरों लेटर्स और गिफ्टस

अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना 2024 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'पुष्पा 2: द रूल' के प्रमोशन के लिए जापान गए थे। यह फिल्म जापान में 16 जनवरी को रिलीज



हुई। इस दौरान फैंस ने रश्मिका मंदाना को ढेर सारी चिट्ठियां और खूबसूरत तोहफे दिए। घर लौटने के बाद जब उन्होंने इन सभी तोहफों को देखा और चिट्ठियां पढ़ीं तो वह भावुक हो उठीं। साल 2024 में रिलीज हुई अल्लू अर्जुन स्टारर फिल्म 'पुष्पा 2: द रूल' का डंका अभी भी बज रहा है। इस मूवी का 16 जनवरी को जापान में प्रीमियर हुआ। इस मौके पर एक्टर के साथ एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना भी नजर आईं। और उन्होंने इंस्टाग्राम पर वहां की कुछ झलकियां फैंस के साथ शेयर कीं। इसके साथ ही लंबा-चौड़ा एक कैप्शन भी लिखा। वहां के लोगों का आभार जताया। रश्मिका मंदाना ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर भी एक फोटो पोस्ट की है, जहां वह टेबल पर रखे कई सारे लेटर्स को पढ़ रही हैं, जो उनके चाहनेवालों ने भेजे हैं। इसके साथ कैप्शन में लिखा, 'मैं एक दिन के लिए जापान गई थी और सिर्फ एक दिन में जितना भी प्यार मिला, वो दिल को छू लेने वाला था। मुझे यहां कई सारे लेटर्स और बहुत सारे गिफ्ट्स मिले। और मैंने वो सभी पढ़े। सभी गिफ्ट्स को घर ले आई। मैं बता नहीं सकती कि मैं ये सब देखकर मैं कितनी ज्यादा भावुक हो गई। इस प्यार के लिए बहुत-बहुत शुक्रिया जापान। आई लव यू और मैं दोबारा आने के लिए इंतजार नहीं कर सकती। लेकिन अगरी बार मैं लंबे वक्त के लिए आऊंगी। मैं वादा करती हूं। और मैं आपसे ये भी वादा करती हूं कि मैं जापान आने पर ज्यादा जापानी सीखने की कोशिश करूंगी।' इसके अलावा, राखा ने कुछ फोटोज और वीडियोज भी पोस्ट किए, जिसमें वह अल्लू अर्जुन समेत फिल्म के प्रोड्यूसर्स के साथ नजर आ रही हैं।

## भोजपुरी

### बहू का क्लेश तो बहुत देख लिया, अब मिलिए 'सास की सौतन' से

भोजपुरी सिनेमा में एक बार फिर फैमिली बेस्ड फिल्म आ गई है। सास की सौतन' का फर्स्ट लुक जारी होते ही दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। इसके



पोस्टर में सारे कलाकार मस्त और गजब के दिखाई दे रहे हैं। भोजपुरी सिनेमा में एक बार फिर पारिवारिक रिश्तों, भावनाओं और टकराव को नए अंदाज में पेश करने जा रही फिल्म 'सास की सौतन'। इसका फर्स्ट लुक जारी होते ही दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। एसआरके म्यूजिक और शानवी म्यूजिक के बैनर तले बन रही इस फिल्म को रौशन सिंह प्रस्तुत कर रहे हैं। फर्स्ट लुक में रिश्तों की मुश्किल, सस्पेंस और ड्रामे की झलक साफ दिखाई देती है, जिसने दर्शकों की खुशी को और बढ़ा दिया है।


रौशन सिंह ने कहा कि 'सास की सौतन' एक पारिवारिक कहानी है, जो रिश्तों की मुश्किल और भावनात्मक टकराव को नए दृष्टिकोण से पेश करती है। उन्होंने बताया कि यह फिल्म सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि समाज में बदलते पारिवारिक मूल्यों पर भी सोचने को मजबूर करेगी। रोशन सिंह के अनुसार, फिल्म की कहानी आम घर-परिवार से जुड़ी है, जिससे हर वर्ग का दर्शक खुद को इससे जोड़ पाएगा। मजबूत कहानी, दमदार अभिनय और मधुर संगीत इस फिल्म की सबसे बड़ी ताकत हैं। उन्हें विश्वास है कि 'सास की सौतन' भोजपुरी सिनेमा में एक नई पहचान बनाएगी और दर्शकों का भरपूर प्यार पाएगी।




2026 में इंडियन फैशन कम्फर्ट, कॉन्शियस क्राफ्ट और इंडो-वेस्टर्न फ्यूजन की तरफ बदल रहा है। भारी, तंग कपड़ों से हटकर अब जंपसूट-साड़ी, स्नीकर्स के साथ आरामदायक कुर्ते और स्ट्रक्चर्ड एथनिक को-ऑर्ड्स जैसे वर्सेटाइल कपड़ों की पसंद बढ़ रही है। मुख्य ट्रेंड्स में सस्टेनेबिलिटी (हैंडलूम, नेचुरल डाई), टेक इंटीग्रेशन (एआर ट्राई-ऑन), हेरिटेज बुनाई को नए सिरे से पेश करना, और बोल्ड मैक्सिमलिज़्म के साथ शांत लग्ज़री का मिश्रण शामिल है। यह कारीगरों की तकनीकों और अपनाने लायक, 'पहनने योग्य कला' का जश्न है।

## फ्लोरल ब्रेड हेयर स्टाइल अनूठे ढंग से करें क्रिएट

अगर आप ब्रेड फ्लोरल हेयर स्टाइल क्रिएट करना चाहती हैं तो इसके लिए इस हैक्स को ट्राई करें इससे आसानी से ब्रेड बनकर तैयार हो जाएगी। इसके लिए सबसे पहले आपको आगे के बालों में सेक्शन कर उन्हें आगे सेट कर लेना है। अब जो पीछे के बाल हैं उनमें पफ क्रिएट करना है, इसके लिए बेस्ट है कि आप बैक कॉम्बिंग करें। इसके बाद पीछे के बालों को लेना है और ट्विस्ट कर सेट करना है। आप इसमें ब्रेड भी बना सकती हैं और छोटे-छोटे सेक्शन में सेट कर सकती हैं। फिर हेयर में बाउंस देने के लिए इन्हें खोलना शुरू कर देना है। इसके बाद इसमें पिन की मदद से फ्लावर सेट करने हैं। इस तरीके से आपका हेयर स्टाइल बनकर तैयार हो जाएगा। अगर आपके बाल पतले हैं तो जो तरीका इसमें बताया गया है आप उसके हिसाब से ब्रेड (हेयर स्टाइल टिप्स) बनाएंगी, तो बालों में एक बाउंस क्रिएट होगा। जिससे वो हेल्दी और हैवी लगेंगे। इसके लिए पहले आपको पफ क्रिएट करना है। अब आपको बालों को ट्विस्ट करना है और रबर बैंड की मदद से चोटी बनाकर सेट करना है। फिर इसे अंदर की तरफ ट्विस्ट करना है। इसी तरीके से आपको सारे बालों को ट्विस्ट कर सेट करना है। इसके बाद इसे पिन



से सेट करना है। इस बात का ध्यान रखें कि बालों में हैवी कर्ल जरूर क्रिएट करें, ताकि वो अच्छे लगे। अब इसमें फ्लावर सेट करना है, छोटे-छोटे हिस्से में।

आप पारंपरिक चोटी बनाकर उसमें बॉबी पिन से फूल लगा सकती हैं या फिर वॉटरफॉल ब्रेड (झरने जैसी चोटी) बनाकर उसके साथ छोटे फूलों का गजरा लगा सकती हैं। इसके लिए बालों को अच्छे से कंघी करें, फ्रेंच या डच ब्रेड बनाएं, और फिर धीरे-धीरे फूलों को पिनअप करें या चोटी के किनारों से लटकते हुए फूल लगाएं। जिससे एक यूनिक और खूबसूरत लुक मिलेगा, खासकर शादी-फंक्शन के लिए।

### सिंपल ब्रेड और फ्लावर एक्सेसरीज़

बाल तैयार करने अपने बालों को अच्छी तरह कंघी करें और उन्हें 3 बराबर हिस्सों में बांट लें। चोटी बनाने एक सामान्य फ्रेंच या डच ब्रेड (चोटी) बनाएं। जिसमें आप धीरे-धीरे नए बालों के सेक्शन लेती जाएं। फूल लगाएं इसके लिए चोटी पूरी होने के बाद, बॉबी पिन की मदद से छोटे-छोटे ताज़े फूल (जैसे मोगरा, गुलाब) चोटी के बीच में या किनारों पर लगाएं।आप इन्हें अलग-अलग दिशाओं में लगा सकती हैं ताकि यह और भी अनोखा दिखे।

## फ्लोरल अनारकली सूट के नए डिजाइंस करें ट्राई



सूट को स्टाइल करने से पहले जरूरी है कि आप फिटिंग का भी खास ध्यान रखें, इससे आपका लुक और अट्रैक्टिव लगता है। जब भी हम कोई सूट खरीदते हैं तो मार्केट में जाकर अच्छे-अच्छे डिजाइन सर्च करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि हम पहले से ही लेटेस्ट ट्रेंड को सर्च करके जाते हैं। लेकिन कई बार ऐसा होता है कि कई सारे डिजाइन और पैटर्न होते हैं जो हमसे छूट जाते हैं। फ्लोरल अनारकली सूट डिजाइन भी उनमें से एक है, आजकल ये काफी ट्रेंड में है। इसमें आपको हर एक डिजाइन और कलर के सूट मिल जाएंगे, जिन्हें आप किसी भी बड़े या छोटे इवेंट में वियर कर सकती हैं। चलिए डालते हैं इन डिजाइंस पर नजर।





### गाउन स्टाइल फ्लोरल अनारकली सूट

अगर आपको किसी पार्टी या फिर घर के किसी फंक्शन में गाउन पहनने का मन है लेकिन एथनिक लुक भी क्रिएट करना है तो इसके लिए आप गाउन स्टाइल अनारकली को वियर कर सकती हैं। इसमें आपको फ्लोरल प्रिंट जो आजकल काफी चल रहा है वो मिल जाएगा। इसकी खास बात ये होती है कि ये आपको लाइट और हैवी दोनों तरह के प्रिंट में मिल जाएंगे। कलर को आप अपनी पसंद के हिसाब से खरीद सकती हैं। मार्केट से खरीदने पर ये आपको 1000 से 2000 रुपये में मिलेगा।

### अनारकली सूट विद पैंट


घर में पूजा है तो इसके लिए आप इस फ्लोरल प्रिंट के अनारकली सूट को वियर कर सकती हैं। इसमें लुक काफी अच्छा लगता है। इस तरह के सूट में आपको शॉट अनारकली कुर्ती मिलेगी। जिसपर गोटा पट्टी वर्क होगा। इसके साथ सेम प्रिंट की पैंट और दुपट्टा सिंपल मिलेगा। इस तरह के अनारकली सूट को भी आप स्टाइल कर सकती हैं। मार्केट में ये आपको 500 से 1000 रुपये में मिल जाएंगे।

## बैकलेस ब्लाउज को देना है स्टाइलिश लुक तो इन आसान टिप्स को करें फॉलो

साड़ी में स्टाइलिश दिखने के लिए ब्लाउज के डिजाइन को बॉडी टाइप और आउटफिट के कलर कॉम्बिनेशन को ध्यान में रखकर चुनना बेहद जरूरी होता है।आजकल मार्केट में कई वैरायटी में आपको ब्लाउज के लेटेस्ट डिजाइंस नजर आ जाएंगे, लेकिन स्टाइलिश और बोल्ड दिखने के लिए हम बैकलेस ब्लाउज पहनना काफी पसंद करते हैं। बदलते दौर में आजकल बैकलेस ब्लाउज के भी कई डिजाइंस आपको इन्टरनेट के जरिये देखने को मिल जाएंगे। बैकलेस ब्लाउज को भी आप सिंपल या बिना स्टाइल किए नहीं छोड़ सकते हैं। तो चलिए आज हम आपको बताने वाले हैं बैकलेस ब्लाउज को स्टाइलिश लुक देने के आसान टिप्स और बताएंगे इनसे जुड़ी अहम बातें जो आपके लुक में जान डालने का काम कर सकती हैं।

**ब्लाउज को स्टाइलिश लुक देने के लिए चूड़ी का कैसे करें इस्तेमाल?**

स्टाइलिश लुक पाने के लिए आपको वैसे तो मार्केट में कई चीजें मिल जाएंगी, लेकिन अगर आप बैकलेस ब्लाउज को स्टाइलिश लुक देना चाहती हैं तो इस तस्वीर में दिखाया गया डिजाइन




साड़ी या लहंगे के साथ पहनने वाले बैकलेस ब्लाउज पर बनवा सकती हैं।

## छोटी आंखें दिखेंगी बड़ी-बड़ी, आई लाइनर लगाने की ये ट्रिक्स आजमाएं

आंखों को बड़ा दिखाने के लिए आपने कई सारे ट्रिक्स आजमाएं होंगे। हम जो आज ट्रिक्स आपको बताने वाले हैं, वो ट्राइड और टेस्टेड हैं। इन ट्रिक्स से आपकी आंखें आकर्षक और सुंदर भी दिखेंगे।

### व्हाइट या न्यूड लाइनर लगाएं

अपनी आंखों को बड़ा दिखाने का सबसे प्रभावी तरीकों में से एक है अपनी वॉटरलाइन पर सफेद या न्यूड आईलाइनर लगाना। यह ट्रिक आंखों को तुरंत ग्लो देती है और बड़ी और खुली-खुली आंखों का भ्रम पैदा करती है। एक छोटा-सा लेकिन प्रभावी चेंज देखने के लिए बस अपनी निचली वॉटरलाइन को एक सफेद या न्यूड पेंसिल से



लाइन करें और फिर देखें, सब कैसे आपकी आंखों में डूबते हैं।

### टाइटलाइनिंग करें ट्राई

टाइटलाइनिंग का मतलब है कि आप नीचे ही नहीं, बल्कि ऊपरी वॉटरलाइन पर भी लाइनर लगाएं। इससे पलकें घनी दिखती हैं और एक हल्का स्मोकी लुक भी आता है। इस तरह से लाइनर लगाने से बड़ी लैश लाइन का भ्रम पैदा होता है। वॉटरप्रूफ या लंबे समय तक टिकने वाली आईलाइनर पेंसिल का उपयोग करें और इंटरनल कोने से शुरू करके बाहरी कोने की ओर बढ़ते हुए धीरे से ऊपरी वॉटरलाइन को लाइन करें। यह ट्रिक आपकी आंखों पर दबाव डाले बिना एक बेहतरीन डेफिनेशन देगी।

### आईलाइनर को बाहरी कोने तक लाएं

अगर आप लाइनर लगाते वक्त उसे किनारे तक छोड़ देती हैं, तो ऐसा बिल्कुल न करें। अब आपको एक नई ट्रिक यह आजमानी है कि अपने आईलाइनर को अपनी आंखों के बाहरी कोने से थोड़ा आगे बढ़ाएं, ताकि अपीयरेंस थोड़ा-सा एलॉन्गेट हो सके।

**कार्नर न्यूज**

**26 जनवरी के लिए आपकी ड्रेस खास होनी चाहिए**

## राष्ट्रीय पर्व पर अपने कपड़ों से जाहिर करें देशभक्ति, लोग खुलकर करेंगे तारीफ

26 जनवरी 1950 के दिन भारत देश का संविधान लागू हुआ था। ऐसे में हर साल इस दिन गणतंत्र दिवस मनाया जाता है। ये दिन हर भारतीय के लिए बेहद खास होता है। ऐसे में गणतंत्र दिवस के दिन लोग तमाम तरह के कार्यक्रमों में भाग लेते हैं। हर साल की तरह इस साल भी लोगों ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। इस दिन लोग देशभक्ति के रंग में रंगे दिखाई देते हैं। खासतौर पर लड़कियां तिरंगे के रंग में रंगी दिखाई देती हैं, लेकिन पुरुषों को ये समझ नहीं आता कि वो किस तरह के कपड़े पहनें कि उनका लुक पारंपरिक के साथ क्लासी दिखाई है। अगर आप भी इसको लेकर संशय में हैं कि गणतंत्र दिवस के दिन क्या पहनें तो ये लेख आपके लिए है। आज के इस लेख में हम आपको बताने जा रहे हैं, कि आप किस तरह के कपड़े पहनकर तैयार हो सकते हैं।

### सफेद कुर्ता और पायजामा

गणतंत्र दिवस के दिन आप इस तरह का सफेद रंग का कुर्ता और पायजामा कैरी कर सकते हैं। इसके



साथ जब आप हाथों में तिरंगा लेंगे तो आपका लुक काफी क्लासी दिखेगा।

### तिरंगा टी शर्ट

अगर आप खुद को तिरंगे के रंग में रंगना चाहते हैं, तो तिरंगा टीशर्ट एक बेहतर विकल्प है। इसे आप जींस के साथ पहन सकते हैं।

### कुर्ता और पायजामा

आप अगर कुर्ता पाजयामा पहनने का सोच रहे हैं, तो ये एक बेहतर विकल्प है। आपको आसानी से कुर्ता पायजामा बाजार में मिल जाएगा। आप चाहें तो चिकनकारी कुर्ता भी कैरी कर सकते हैं। इसके साथ ही आप खादी का कुर्ता-पायजामा चुन सकते हैं। लुक को पूरा करने के लिए आप केसरिया या हरे रंग का खादी का कुर्ता पहन सकते हैं और इसके साथ सफेद रंग का पायजामा पहन सकते हैं।

### जींस के साथ शॉर्ट कुर्ता

अगर आपको जींस पहनना पसंद है, तो जींस के साथ आप इस तरह का शॉर्ट कुर्ता पहन सकते हैं। इसे पहनकर आप कंफर्टेबल भी रहेंगे।

